उज्जैन
शुक्रवार
17
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-254
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ नीट-यूजी 2026: इंदौर के आराध्य की ऑल इंडिया 110वीं रैंक
7 ▸ इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया, रूट 99 रन पर नाबाद रहे

उज्जैन आर्थो
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा हड्डी का हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. हेमंत एच. जीनवाल
फ्रेक्चर, जोड़ एवं रीड़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ
भरतपुरी पुराने आर.टी.ओ. के सामने, देवास रोड, उज्जैन 9669698112




## 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली हुई, चीन ने 22 करोड़ वोटर्स का डेटा चुराया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को चुनाव सुरक्षा पर राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली हुई थी। ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार चुनाव सुरक्षा से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक यानी डिक्लासिफाई कर रही है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी इन दस्तावेजों के मुताबिक, चीन ने 2020 के चुनाव के दौरान 22 करोड़ अमेरिकी वोटरों का डेटा चुराया था। ट्रम्प के अनुसार, 18 राज्यों का वोटर डेटा हैक या हासिल किया गया। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि सीआईए, एफबीआई और दूसरी खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी थी, लेकिन इसे राष्ट्रपति, कांग्रेस और जनता से छिपाया गया।

## बांग्लादेश ने भारत की जगह चीन को सौंपा तीस्ता प्रोजेक्ट

**ढाका।** बांग्लादेश और चीन के संबंधों में चीनी कुछ ज्यादा ही घुलने लगी है। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने तीस्ता नदी प्रोजेक्ट में भारत के इन्वेस्टमेंट ऑफर को ना कर इसे चीन को सौंप दिया है। चीन लगभग 9 हजार करोड़ रुपए के तीस्ता रिवर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट में 7 हजार करोड़ सॉफ्ट लोन के रूप में देगा। बांग्लादेश को इसे 50 साल में चुकाना होगा। जबकि भारत ने चीन को बाहर रखने के लिए 2024 में तत्कालीन शेख हसीना सरकार को 9 हजार करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। हालांकि हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं किया। अब रहमान सरकार ने चीन की सरकारी कंपनी पावर चाइना से समझौता किया है।

## आज से दो दिनों के बंगाल दौरे पर अमित शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 से 19 जुलाई तक पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनका फोकस सीमा सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, सुशासन और विकास परियोजनाओं पर रहेगा। मई में राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह उनका पहला बंगाल दौरा होगा। 18 जुलाई को शाह सिलीगुड़ी के जुमागाछ बॉर्डर आउटपोस्ट पहुंचकर सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात करेंगे और बीएसएफ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे सीमा से जुड़े मुद्दों और राज्य में लागू नए तीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा भी करेंगे। दौरे के आखिरी दिन कोलकाता में कानून-व्यवस्था पर बैठक करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय पुस्तकालय में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड्स' के पहले चरण का उद्घाटन और अमूल डेयरी के दही प्रसंस्करण संयंत्र का शिलान्यास भी करेंगे।

## आरएसएस कार्यालय हमले की जांच में एनआईए की कार्रवाई

**लोहरदगा।** रांची स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत कार्यालय पर हुए पेट्रोल बम हमले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को झारखंड के लोहरदगा जिले में बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया। सुबह करीब चार बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में एनआईए की टीम ने एक साथ कई स्थानों पर दबिश देकर संदिग्धों के ठिकानों की गहन तलाशी ली। अभियान के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए और पूरी कार्रवाई को अत्यंत गोपनीय तरीके से अंजाम दिया गया, हालांकि एनआईए की ओर से छापेमारी को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने इस मामले में पहले से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी सैफ अंसारी और अमन अंसारी के आवास सहित कई अन्य संदिग्ध ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।

## विश्व कप मैच के बाद फॉकलैंड पर फिर भिड़े अर्जेंटीना-ब्रिटेन

**ब्रिटेन।** फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना और ब्रिटेन के बीच फॉकलैंड द्वीप को लेकर नया विवाद शुरू हो गया। अर्जेंटीना ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन की रॉयल नेवी का वॉरशिप एचएमएस मेडवे बिना अनुमति उसके समुद्री क्षेत्र में घुस आया। अर्जेंटीना ने इसे सैन्य घुसपैठ करार दिया। विदेश मंत्री पाब्लो क्विर्नो ने कहा कि इस मामले में ब्रिटिश दूतावास के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया गया है। वहीं ब्रिटेन ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यात्रा की जानकारी पहले ही अर्जेंटीना सरकार को दे दी गई थी और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप थी। यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने मैदान पर ह्वालास माल्विनास सन अर्जेंटीना (माल्विनास अर्जेंटीना का है) लिखा बैनर लहराया।

### प्रधानमंत्री आज हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे

# पीएम मोदी भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

## प्रधानमंत्री जींद में लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई 2026 को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री जींद के एकलव्य स्टेडियम में लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री चंडीगढ़ जाएंगे, जहां दोपहर करीब 1:45 बजे वे 4,700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री जालंधर का दौरा करेंगे, जहां वे 5,470 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जो रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई यह ट्रेन स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई है, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। इसके शुरू होने के साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास हाइड्रोजन-चालित ट्रेनें परिचालन में हैं। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलती है, जो हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित करके ट्रेन को आगे बढ़ाती है। इस प्रक्रिया में केवल जल वाष्प उप-उत्पाद के रूप में उत्पन्न होती है, जिसके परिणामस्वरूप संचालन के दौरान कार्बन उत्सर्जन शून्य होता है। प्रधानमंत्री एनएच-7 और एनएच-344 पर बने 33.81 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले, आंशिक रूप से प्रवेश-नियंत्रित अंबाला-काला अंब राजमार्ग का भी उद्घाटन करेंगे। यह राजमार्ग अंबाला शहरी क्षेत्र और काला अंब औद्योगिक क्षेत्र के बीच संपर्क को मजबूत करेगा, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच सड़क संपर्क को बेहतर बनाएगा, पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही को सुगम बनाएगा और काला अंब क्षेत्र के उद्योगों के लिए रसद लागत को कम करेगा।

> लगभग 25,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे
>
> यह ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक है
>
> हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाली यह ट्रेन शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करती है, जिसमें जल वाष्प एकमात्र उप-उत्पाद है।
>
> प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र में सिख गुरुओं की विरासत और सिख परंपरा को समर्पित सिख संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे।

- डीजल ट्रेनों की तुलना में, ये ट्रेनें टेलपाइप उत्सर्जन को खत्म करती हैं, जीवाश्म ईंधन और जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता कम करती हैं, और काफी कम शोर करती हैं। पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों के विपरीत, इन्हें निरंतर ओवरहेड विद्युतीकरण बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि बिजली ट्रेन के अंदर हाइड्रोजन ईंधन सेल के माध्यम से उत्पन्न होती है, जिससे ये एक स्वच्छ और कुशल समाधान बन जाती हैं। हरित हाइड्रोजन का उपयोग जीवाश्म ईंधन आधारित थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न बिजली पर निर्भरता को भी कम करता है, जिससे भारत के सतत परिवहन की ओर संक्रमण में सहायता मिलती है।
- प्रधानमंत्री हरियाणा में 12,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ-साथ राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 9,680 करोड़ रुपये की लागत से विकसित 157.92 किलोमीटर लंबे, चार लेन वाले और पूरी तरह से सुलभ दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज 1 से 5) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह ग्रीनफील्ड कॉरिडोर 667 किलोमीटर लंबे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का हिस्सा है। इस एक्सप्रेसवे से दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा का समय लगभग 14 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे हो जाएगा, जबकि दिल्ली-अमृतसर की यात्रा का समय लगभग 8 घंटे से घटकर 4 घंटे हो जाएगा। इस परियोजना से एनएच-44 (जीटी रोड) पर ट्रैफिक काफी कम होने, श्री माता वैष्णो देवी के तीर्थयात्रा और पर्यटन में वृद्धि होने और कॉरिडोर के साथ औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

# ट्रेन में शूटर से कराया इंजीनियर पति का मर्डर

## अफसर पत्नी ने शादी के बाद ही बॉयफ्रेंड के साथ प्लानिंग शुरू कर दी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुपौल

बिहार के सुपौल में अफसर पत्नी ने चलती ट्रेन में अपने इंजीनियर पति की हत्या करा दी। पुलिस ने बताया कि 8 साल पहले 2018 में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अस्मिता की शादी इंजीनियर देव कुमार गुंजन से हुई थी। शादी के दूसरे दिन से ही अस्मिता पति की हत्या की साजिश रच रही थी। इसमें उसका बॉयफ्रेंड अजीत कुमार शामिल था। दोनों ने शूटर राजू कुमार को मर्डर के लिए 4 लाख रुपये की सुपारी दी थी।

राजू ने पिछले महीने 11 जून को जनसाधारण एक्सप्रेस में देव कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इसे लूटपाट के दौरान हुई घटना साबित करने की कोशिश की थी। पुलिस ने कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अस्मिता कुमारी, अजीत कुमार और शूटर राजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अस्मिता, देव कुमार और अजीत कुमार ने 2017 में बिजली विभाग से एकसाथ अपना करियर शुरू किया था। देव-अस्मिता की शादी हुई, लेकिन शादी के बाद अस्मिता और अजीत करीब आ गए।



### हत्या कब और कहां

- देव कुमार गुंजन 11 जून को जमुई से जनसाधारण एक्सप्रेस लेकर अपनी पत्नी अस्मिता से मिलने सुपौल जा रहे थे। रात करीब 8:30 बजे मानसी स्टेशन और बदलाघाट रेलवे स्टेशन के बीच शूटर राजू ने देवकुमार की हत्या कर दी।
- देव कुमार मूल रूप से झारखंड के गोड्डा के रहने वाले थे। वे जमुई के मलयपुर पावर ग्रिड में ग्रेड-वन टेक्नीशियन के पद पर थे। पत्नी अस्मिता सुपौल में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर है। बॉयफ्रेंड भी ग्रेड-वन टेक्नीशियन की पोस्ट पर है।

**पत्नी ने कहा- लूटपाट के विरोध में हत्या-** अस्मिता कुमारी ने पुलिस को बताया कि उनके पति ट्रेन में लूटपाट का विरोध करने पर मारे गए हैं। पुलिस ने इसी आधार पर अपनी जांच शुरू की। लुटेरों ने सिर्फ गुंजन को गोली क्यों मारी? क्या यह सिर्फ लूट थी? इन सवालों को जांच का आधार बनाया।

## जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में लूटपाट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

प्रदेश के गुना जिले के रुठियाई रेलवे स्टेशन के आउटर पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब दो बजे जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में लूटपाट हुई। ट्रेन के आउटर पर रुकते ही स्लीपर बोगी में चढ़े आधा दर्जन सशस्त्र बदमाशों ने कई महिलाओं के आभूषण, मंगलसूत्र और पुरुष यात्रियों के भी गले की चेन छीन ली। जैसे ही ट्रेन के चलने का सिग्नल हुआ, बदमाश कई यात्रियों के बैग लेकर उतर गए। एस पांच के सीट नंबर 73 पर यात्रा कर रही विदिशा की हरबोबाई के कान का झुमका, कोच एस-छह में सीट नंबर एक पर सो रही भोपाल की ममता मेवाड़ा का सोने का मंगलसूत्र, सीट नंबर 17 पर छबड़ा राजस्थान से भोपाल जा रहे अब्दुल कलाम की सोने की चेन झपट बदमाशों ने झपट ली।

## उन्नत भारत अभियान से जुड़ेंगे उज्जैन के उच्च शिक्षण संस्थान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उच्च शिक्षा को समाज और ग्रामीण विकास से जोड़ने की दिशा में प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को भी 'उन्नत भारत अभियान' से जोड़ा जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों तथा निजी विश्वविद्यालयों को अभियान के पोर्टल पर पंजीयन कर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को ग्रामीण समुदायों से जोड़कर समावेशी एवं सतत विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत उज्जैन जिले के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय अपने आसपास स्थित पांच-पांच गांवों का चयन करेंगे। विद्यार्थी एवं शिक्षक इन गांवों में जाकर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन करेंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आजीविका, कृषि, तकनीक तथा सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर ग्रामीणों के साथ मिलकर समाधान विकसित करेंगे। इस पहल से विद्यार्थियों को ग्रामीण भारत की सामाजिक संरचना, पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय संसाधनों और विकास की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिलेगा।

## बंगाल की खाड़ी में दो नावें डूबीं, 500 मौतों की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रखाइन

म्यांमार में हिंसा से बचकर भाग रहे 500 से ज्यादा लोगों के समुद्र में लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की दो एजेंसियों के मुताबिक, म्यांमार के तट के पास खराब मौसम में दो नावें गायब हो गईं। इनमें सवार ज्यादातर लोग रोहिंग्या समुदाय के थे।

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने संयुक्त बयान में बताया कि दोनों नावें जून के आखिर में म्यांमार के पश्चिमी रखाइन राज्य से रवाना हुई थीं। पहली नाव में करीब 250 लोग सवार थे। रवाना होने के कुछ ही समय बाद उससे संपर्क टूट गया। दूसरी नाव में करीब 280 यात्री सवार थे और माना जा रहा है कि वह 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास डूब गई। रोहिंग्या म्यांमार के रखाइन राज्य का एक मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय है। दशकों से यह समुदाय सरकारी उत्पीड़न, हिंसा और भेदभाव का सामना कर रहा है। म्यांमार की बौद्ध बहुसंख्यक सरकार और वहां के स्थानीय लोग रोहिंग्याओं को म्यांमार का मूल निवासी नहीं मानते। उनका दावा है कि ये लोग ब्रिटिश शासनकाल के दौरान बांग्लादेश (तत्कालीन बंगाल) से आए अवैध अप्रवासी हैं।

# 10 महीने में 100 वैज्ञानिकों ने इसरो छोड़ा

## 10 महीने में 100 इस्तीफे, केंद्रीय मंत्री बोले- लोग आते-जाते रहते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन से पिछले 10 महीनों में 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों ने या तो इस्तीफा दे दिया है या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। नौकरी छोड़ने वाले वैज्ञानिकों में गगनयान और दूसरे अहम मिशनों से जुड़े वैज्ञानिक भी शामिल हैं।

इसके बाद अंतरिक्ष विभाग ने 14 जुलाई को नया निर्देश जारी किए हैं। नौकरी छोड़ने की प्रक्रिया अब सख्त की जाएगी। इस मामले में केंद्रीय विज्ञान और तकनीकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसरो में लोग आते-जाते रहते हैं। इस्तीफा देने वालों में वरिष्ठ वैज्ञानिक विक्टर जोसेफ टी भी शामिल हैं। वे एलवीएम3 प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। यही लॉन्च व्हीकल गगनयान मिशन में इस्तेमाल किया जाएगा। सरकारी निर्देश में कहा गया है कि इस्तीफों और श्फ्र के मामलों में तेजी आने से गगनयान और दूसरे राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट्स पर असर पड़ रहा है। नौकरी छोड़ने के आवेदनों पर अब अंतिम फैसला अंतरिक्ष विभाग करेगा। पहले इसरो केंद्रों के निदेशकों और प्रमुखों को इस्तीफे और वीआरएस स्वीकार करने का अधिकार दिया गया था।

### मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में वन विभाग जंगलों को बचाने कीड़ों का सिर कटवा रहा

# सरकार ने 20 लाख में खरीदे 10 लाख कीड़ों के सिर

## 2 रुपए में बिका एक 'साल बोरर', सुबह पकड़ते हैं ग्रामीण, डेढ़ लाख पेड़ खा गए कीड़े, 30 जुलाई के बाद इन कीटों को नष्ट किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डिंडौरी

मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में वन विभाग जंगलों को बचाने कीड़ों का सिर कटवा रहा। साल बोरर कीड़े का सिर 2 रुपए में खरीद रहा है। मकसद कीड़ों को खत्म कर साल (सरई) के जंगलों को बचाना है। अब तक करीब 10 लाख कीड़ों के सिर काटे जा चुके हैं। बदले में ग्रामीणों को 20 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा।

दरअसल, साल बोरर कीट ने जिले के जंगलों को प्रभावित कर दिया है। हालात इतने गंभीर हैं कि भारत सरकार से अनुमति मिलने के बाद 1 लाख 46 हजार 784 प्रभावित पेड़ों की कटाई की जाएगी। फिलहाल वन विभाग कीड़ों की संख्या कम करने के लिए ग्रामीणों की मदद से विशेष अभियान चला रहा है।

### कीड़ों को पकड़ने के लिए सुबह जंगल पहुंचते हैं ग्रामीण

एसडीओ एस.के. जाटव ने बताया कि बारिश के मौसम में हर दो हेक्टेयर क्षेत्र में साल का एक पेड़ काटकर उसकी छाल को पीटने के बाद छोड़ दिया जाता है। साल के रस की खुशबू से आकर्षित होकर कीट वहां रस पीने पहुंचते हैं। इसके बाद सुबह 5 से 7 बजे के बीच ग्रामीण जंगल पहुंचकर उन्हें पकड़ लेते हैं।

पकड़े गए कीटों के सिरों की माला बनाकर उन्हें कीट संग्रहण केंद्रों पर जमा कराया जाता है। इसके लिए खारीडीह, चौरादादर, कबीर, जगतपुर और करंजिया में 5 संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। 30 जुलाई के बाद एकत्र किए गए इन कीटों को नष्ट करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### 30 हजार हेक्टेयर जंगल में फैला साल बोरर का प्रकोप

वन विभाग के एसडीओ एस.के. जाटव ने बताया कि पूर्व करंजिया, पश्चिम करंजिया, दक्षिण समनापुर और बजाग वन परिक्षेत्र के करीब 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लगे सरई (साल) के पेड़ साल बोरर कीट से प्रभावित हैं। कीटों को पकड़ने का अभियान 20 जून से ग्रामीणों की मदद से लगातार चलाया जा रहा है।

वन विभाग ने साल बोरर कीट का एक सिर लाने पर 2 रुपए देने की व्यवस्था की है। अब तक ग्रामीण करीब 10 लाख कीड़ों के सिरों की माला बनाकर वन विभाग कार्यालय में जमा कर चुके हैं। प्रत्येक व्यक्ति के जमा किए गए सिरों की अलग-अलग एंट्री की जा रही है।

### ऐसे पकड़े जाते हैं साल बोरर कीड़े

- एसडीओ एस.के. जाटव ने बताया कि सरई के पेड़ों की छाल काटकर उसे पीटा जाता है। इससे निकलने वाली सुगंध करीब 3 किलोमीटर दूर तक फैलती है। इसकी गंध से आकर्षित होकर साल बोरर कीट रस पीने पहुंचते हैं। कुछ समय के लिए सुस्त हो जाते हैं।
- वन विभाग पेड़ों की छाल का रेजिन कूटकर उसका पाउडर भी घरों के आसपास रखवाता है। इसकी गंध से आकर्षित होकर कीट वहां पहुंचते हैं, जहां ग्रामीण उन्हें पकड़ लेते हैं। सूरज निकलने से पहले कीटों को पकड़ लिया जाता है, क्योंकि बाद में वे उड़ने लगते हैं।



- पकड़े गए कीटों के सिर काटकर उनकी माला बनाई जाती है। वन विभाग के कर्मचारियों के पास जमा कराई जाती है। इसके बाद प्रति सिर के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

- **आखिर पेड़ों के लिए इतना खतरनाक क्यों है यह कीड़ा-** साल बोरर केवल साल (सरई) के पेड़ों को नुकसान पहुंचाता है। संख्या बढ़ने पर यह पेड़ के तने में घुसकर उसे धीरे-धीरे खाता है। इसके कारण तने के नीचे बुरादे जैसा पाउडर जमा होने लगता है। वन विभाग के मुताबिक, समय रहते नियंत्रण नहीं किया जाए तो यह एक पेड़ से दूसरे और फिर पूरे जंगल में तेजी से फैल जाता है। इससे बड़ी संख्या में साल के पेड़ सूख जाते हैं। हर-भरे पेड़ नष्ट हो जाते हैं। इन्हें बचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।
- **1.46 लाख पेड़ों की कटाई की तैयारी-** वन विभाग की प्रोडक्शन डीएफओ भारती ठाकरे ने बताया कि सामान्य वन मंडल ने 1 लाख 46 हजार 784 साल के पेड़ों को चिह्नित किया है। कीड़ों ने इन पेड़ों को खोखला कर दिया है। इनकी कटाई के लिए भारत सरकार की अनुमति का इंतजार है। अनुमति मिलने के बाद कटाई में करीब 3 महीने लगेंगे।
- **2 डीएफओ की मौजूदगी में कीड़ों का खात्मा-** वन विभाग के मुताबिक, अब तक इस अभियान के तहत करीब 20 लाख रुपए का भुगतान बन चुका है, जो ग्रामीणों में वितरित किया जाएगा। पकड़े गए कीटों को जुलाई के अंत में 2 डीएफओ अधिकारियों की मौजूदगी में खत्म किया जाएगा। अभियान भी जुलाई के अंत तक चलेगा।
- **कटाई के बाद मिलेगी हजारों क्यूबिक मीटर लकड़ी-** अभियान के लिए सामान्य, उत्पादन, मंडला वेस्ट और मंडला ईस्ट के चार डीएफओ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पेड़ों की कटाई के बाद करीब 46,390 क्यूबिक मीटर इमारती लकड़ी और 43,390 क्यूबिक मीटर जलाऊ लकड़ी मिलने की उम्मीद है।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



## खबर एक नजर...

### आज सजेगी सावन की महफिल, शिंजिनी कुलकर्णी बिखेरेंगी कथक का जादू

**उज्जैन।** भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को समर्पित सांस्कृतिक संध्या 'आगमन सावन का आमद सीजन 3' का आयोजन आज शाम 7 बजे कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण देश की सुप्रसिद्ध युवा कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी की मनमोहक प्रस्तुति रहेगी। खुशी राजेश लश्करी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की अनेक विशिष्ट हस्तियां मौजूद रहेंगी। समारोह के दौरान गूंज संस्था द्वारा शुभेक्षा इंफ्राबुल्स के आकाश लश्करी को बेस्ट एंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कला प्रेमियों के लिए कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।

### योग का संदेश लेकर साइकिल से निकले देवप्रयाग के मोहित पहुंचे उज्जैन

**उज्जैन।** योग को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से साइकिल से 12 शिवलिंग और चार धाम की यात्रा पर निकले उत्तराखंड के देवप्रयाग निवासी मोहित सिंह गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। यहां आगमन पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पत्रकारिता अध्ययनशाला परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत उन्होंने एक पौधा रोपा। इस मौके पर 'चार धाम साइकिल यात्रा 2026' के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता अध्ययनशाला के एचओडी सुशील शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित और सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के सदस्य उपस्थित थे।

### महाकाल परिसर में सजेगा सतरंगी सावन मेला

**उज्जैन।** माहेश्वरी बेस्ट फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा आगामी 18 एवं 19 जुलाई को कोयला फाटक स्थित महाकाल परिसर में दो दिवसीय सतरंगी सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में शहर सहित बाहर से आए लगभग 60 स्टॉल्स का समावेश रहेगा, जहाँ नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामग्री की खरीदारी का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती राजकुमारी बागड़ी, श्रीमती नेहा झंवर और श्रीमती शर्मिला काकानी उपस्थित रहेंगी। मेले का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन में ढेरों शॉपिंग स्टॉल, आकर्षक खरीदारी, शानदार उपहार, मजेदार तंबोला और स्वादिष्ट फूड जोन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

आयोजक समिति की संगीता भुतड़ा, आरती सोड़ानी, सुनीता जावंदिया, शीतल मुंदड़ा, सीमा कासट, निर्मला झंवर, पायल भुतड़ा, निशा मुंदड़ा, राजश्री भुतड़ा और सीमा पलोड़ ने शहरवासियों से सपरिवार मेले में शामिल होने की अपील की है। समिति के अनुसार स्टॉल बुकिंग सभी समाज और वर्ग के लिए की जा रही है। स्टॉल बुकिंग और मेले से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए संपर्क 72470 22222 और 94259 16490 पर किया जा सकता है।

### सुरीली संध्या में आज गूंजेंगे रोमांटिक फिल्मी गीत

**उज्जैन।** भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों, अधिकारियों और विकासवाहिनी की संस्था 'जीवन संगीत' द्वारा शुक्रवार शाम 7 बजे कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में रोमांटिक फिल्मी गीतों की सुरीली संध्या का आयोजन किया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष अनिल कुरेल ने बताया कि इस संगीतमय आयोजन के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को 'जीवन संगीत कला सम्मान' से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, भरतपुरी शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा, फिल्मी गीत समीक्षक शैलेष लेले और वरिष्ठ अभिकर्ता बीके खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे। संगीत संध्या में गायक कलाकार योगेश यादव, प्रशांत सोहले, विजय जोशी, रवि चौबे, सुरेंद्र मालवीय, भालचंद्र कुलकर्णी, प्रकाश बांगर, विनोद मातवनकर, पूर्णिमा नाटानी, सुनीता राठौर गुंजन एवं भारती कुलकर्णी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन मनोज सुराना और विजय जोशी करेंगे।

### युवाओं में कौशल व उद्यमिता को निखारने के लिए दो दिवसीय लीडरशिप कोहोर्ट आज से

**उज्जैन।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं में कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय लीडरशिप कोहोर्ट 2026 आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माधव भवन स्थित शलाका दीर्घा में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से होगा। इसका आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर और सविष्कार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। इस वर्ष लीडरशिप कोहोर्ट की थीम 'कौशल से आत्मनिर्भरता, नवाचार से प्रगति, नेतृत्व से राष्ट्र निर्माण' रखी गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप संस्थापकों और युवा उद्यमियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे भविष्य के कौशल व नेतृत्व क्षमता को समझ सकें और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। प्रथम दिन फ्यूचर स्किल्स, इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, लीडरशिप डेवलपमेंट और स्टार्टअप कल्चर पर सत्र होंगे।

**कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से निकली जगन्नाथ यात्रा के 100 वर्ष पुराने लकड़ी के रथ को श्रद्धालुओं ने खींचा**

# 35 फीट के नंदीघोष रथ पर विराजे महाप्रभु जगन्नाथ, निकली भव्य रथयात्रा

## पहली बार इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा में तीनों देव अलग-अलग रथों पर हुए विराजमान, जगह-जगह मंच बनाकर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



गुरुवार को उज्जैन में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जगह-जगह मंच बनाकर पुष्पवर्षा कर भगवान का भव्य स्वागत किया गया।

इस्कॉन मंदिर द्वारा निकाली गई रथयात्रा इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पहली बार तीनों देव अलग-अलग रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। भगवान बलभद्र 'तालध्वज' रथ, देवी सुभद्रा 'दर्पदलन' रथ तथा महाप्रभु जगन्नाथ 35 फीट ऊंचे विशाल 'नंदीघोष' रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हुए निकले। पूरे मार्ग पर श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की भक्ति में सराबोर होकर जयघोष करते रहे।

भगवान जगन्नाथ के लिए बंगाल के कारीगरों ने जापान से मंगाए गए विशेष धागों और मोतियों से लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से आकर्षक दिव्य पोशाक तैयार की। यात्रा इंदिरा नगर से प्रारंभ होकर फ्रीगंज, टॉवर चौक सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से खाती समाज की पारंपरिक रथ यात्रा भी निकली। जिसमें 1200 गांव के श्रद्धालु ने 100 साल पुराने लकड़ी के रथ को अपने हाथों से खींचा। कार्तिक चौक स्थित भगवान जगन्नाथ (जगदीश) मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। यहां से भी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# आत्मरक्षा में बेटियों ने दिखाया दम, हैरतअंगेज करतबों से किया रोमांचित

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महेश नगर में आयोजित हुई लाठी-कराटे प्रतियोगिता

### कोच और बालिकाओं के हैरतअंगेज करतब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत महेश नगर में बालिकाओं की लाठी एवं कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन में 45 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने आत्मरक्षा कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं और उनकी कोच को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा व्यायामशाला समिति की कोच पूजा चौहान ने अद्भुत कलाबाजी का प्रदर्शन किया। उनके ऊपर छह लड़कियों ने टाइल्स तोड़ीं और आग के बीच साहसिक करतब दिखाए, जिसने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बालिकाओं को सशक्त बनाने और इस उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए कोच पूजा चौहान को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में बालिकाओं ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें अक्षरा मालवीय, दिव्या मालवीय, सुहाना प्रजापत और हिमानी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वनिष्का मालवीय, नीता परमार और समीक्षा मालवीय ने द्वितीय तथा कृतिका शर्मा और हिमांशी परमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं गोहाना प्रजापत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की।

### बालिकाओं को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी ज्योत्सना दीक्षित, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी और योगिता बोरासी बतौर अतिथि उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हर बालिका के लिए आवश्यक है, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। इस मौके पर अधिकारियों ने बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट और वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया।

एकेडमी में बालिकाओं को लाठी, तलवार, कराटे, योग, जुम्बा, एरोबिक्स और सेल्फ डिफेंस के साथ ही नासिक ढोल, डमरू और झांझ बजाने जैसी कलाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इस प्रशिक्षण से जुड़ने के लिए कोच पूजा चौहान से संपर्क किया जा सकता है।

## हड्डी एवं जोड़ रोगों के निदान के लिए 19 जुलाई रविवार को लगेगा निशुल्क परामर्श शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के क्षीर सागर स्थित डॉ. राजेंद्र जैन पारमार्थिक चिकित्सालय में आगामी 19 जुलाई रविवार को हड्डी एवं जोड़ों से जुड़ी बीमारियों के निदान के लिए एक विशाल निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्र विभूति समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास लगने वाले इस शिविर में एप्पल हॉस्पिटल इंदौर के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. प्रणय खंडेलवाल मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उचित मार्गदर्शन देंगे।

शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस शिविर में हड्डी के दर्द जैसे आर्थराइटिस, घिसाव व चोट आदि का इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही घुटना एवं कूल्हे के बदल (नी एंड हिप रिप्लेसमेंट) पर मार्गदर्शन, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रैक्चर एवं लिगामेंट की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द और कंधे की समस्याओं का उपचार भी उपलब्ध रहेगा। शिविर में आने वाले मरीजों के लिए एक विशेष सुविधा के तहत हड्डियों की निशुल्क बीएमडी जांच भी की जाएगी। यह जांच हड्डियों की मजबूती, ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डियों की कमजोरी का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण है। मरीजों को शिविर में एक्स-रे, जांच और निशुल्क परामर्श की सुविधा मिलेगी। मरीजों से अपील की गई है कि वे शिविर में आते समय अपनी पुरानी जांचें, एक्स-रे, एमआरआई आदि की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं।

# मुनाफा कमाना नहीं बल्कि समस्याओं का समाधान करना ही असली उद्यमिता

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रेरक व्याख्यान और स्टार्टअप संवाद आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर, उज्जैन इन्क्यूबेशन सेंटर और सविष्कार के संयुक्त तत्वावधान में लीडरशिप कोहोर्ट 2026-3.0 के तहत प्रेरक व्याख्यान व स्टार्टअप संवाद आयोजित किया गया। विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि उद्यमी का उद्देश्य केवल लाभ कमाना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं और लोगों के दर्द को समझकर सकारात्मक बदलाव लाना है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को नवाचार, नेतृत्व और उद्यमिता की भावना के साथ वास्तविक समस्याओं के समाधान पर काम करना होगा।

अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि एक अच्छे शिक्षण संस्थान का दायित्व केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मन में ऐसा लक्ष्य बोना है जिसे पूरा करने की सकारात्मक बेचैनी उनमें निरंतर बनी रहे। यही विचार आगे चलकर राष्ट्र के विकास का आधार बनते हैं। एमएसएमई इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. उमेश सिंह ने विषय प्रवर्तन कर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्टार्टअप और नवाचार के अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के स्टार्टअप अनुभव साझा सत्र में निर्मल निर्माण, गेस्ट रिपोर्ट डॉट इन, सीआईएसओ ग्लोबल और यॉम डॉट कॉम के संस्थापकों ने अपनी उद्यमिता यात्रा, शुरूआती संघर्ष और उपलब्धियों पर चर्चा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस मौके पर उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल हेड कंपनी सेक्रेटरी तोशीबा दसोरे और सविष्कार की राष्ट्रीय सह संयोजक दीक्षा यादव विशेष रूप से उपस्थित थीं। संचालन गुरप्रीत कौर ने किया और आभार आईक्यूएसी सेल के डॉ. डी.डी. बेदिया ने माना।

# वैष्णव हवेलियों में एक दिन पहले मनी रथयात्रा, ऋतु परिवर्तन के साथ बदली सेवा पद्धति

### अंकपात मार्ग स्थित 73वीं बैठक पर सजे रथ में विराजमान होकर ठाकुरजी ने दिए दर्शन, लगा आम और बासुंदी का भोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की पुष्टिमार्गीय वैष्णव हवेलियों में नाथद्वारा की विशेष प्रणाली के अनुसार बुधवार को एक दिन पहले ही रथयात्रा मनोरथ का आयोजन किया गया। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा पर पुष्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बनने के कारण पारंपरिक रूप से आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के बजाय एक दिन पूर्व रथयात्रा निकाली गई। पुष्य नक्षत्र के इस विशेष संयोग पर सुबह से ही सभी पुष्टिमार्गीय हवेलियों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि अंकपात मार्ग स्थित श्रीमद् वल्लभाचार्यजी की 73वीं बैठक पर ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजन हुआ। लकड़ी के आकर्षक रथ में विराजमान होकर ठाकुरजी ने दोपहर तक तीन प्रहर में भक्तों को दर्शन दिए।

रथयात्रा के दिन से हवेलियों में ऋतु परिवर्तन के अनुसार ठाकुरजी की सेवा पद्धति में बड़ा बदलाव आता है। प्रभु को गर्मी से राहत देने के लिए अब तक चल रही विशेष सेवाएं जैसे फूल श्रृंगार, गुंजा, ठाकुरजी के सम्मुख चलने वाले फव्वारे, खसखस की टाटी और सत लड़ा मालाजी की सेवा को अब विराम मिल गया है। आज से प्रभु के श्रृंगार का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। रथयात्रा के पावन अवसर पर प्रभु को मौसमी फलों और छप्पन भोग का नैवेद्य अर्पित किया गया। ठाकुरजी के सम्मुख मुख्य रूप से चारोली की सामग्री, खरबूजे के बीज से बने पकवान, पके हुए आम, जामुन, स्वादिष्ट बासुंदी और अंकुरित मूंग का विशेष प्रसाद चढ़ाया गया।

## कौशल और नवाचार से ही युवा बनेंगे आत्मनिर्भर, विक्रम विवि में संगोष्ठी आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के कौशल विकास, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से मंथन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और कौशल को पहचानकर उसे रोजगार व उद्यमिता में बदलना ही हमारा मुख्य ध्येय है। कौशल आधारित शिक्षा के जरिए ही युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. उमेश सिंह ने विश्वविद्यालय में संचालित स्टार्टअप गतिविधियों और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने नवाचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए उपलब्ध अवसरों से भी अवगत कराया। उज्जैन स्मार्ट इनक्यूबेशन सेंटर की को-ऑर्डिनेटर मुस्कान हरभजनका और सत्यम जाट ने स्टार्टअप इकोसिस्टम और उद्यमिता से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को नए व्यावसायिक विचारों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सविष्कार की राष्ट्रीय सह-संयोजक दीक्षा यादव और उज्जैन महानगर सविष्कार प्रकल्प के संयोजक हर्षवर्धन सिंह कदम ने युवाओं में कौशल विकास व नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे निरंतर कार्यों की जानकारी साझा की।

# विहिप कार्यालय में 34 दुर्गा वाहिनी बहनों ने लिया प्रशिक्षण, 15 प्रखंडों में खुलेंगे बाल संस्कार केंद्र

### स्कूली शिक्षा में छिपे इतिहास और संस्कृति से बच्चों को रूबरू कराने की पहल, दिया गया आत्मरक्षा व नैतिक शिक्षा का ज्ञान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



'संस्कारित बच्चे, समर्थ राष्ट्र की नींव' के संकल्प के साथ विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी द्वारा महानगर में एक दिवसीय बाल संस्कार अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। विहिप कार्यालय में आयोजित इस वर्ग में 34 बहनों ने हिस्सा लिया। इन बहनों को जिले के विभिन्न प्रखंडों और खंड स्तर पर निःशुल्क बाल संस्कार केंद्र संचालित करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार ने बताया कि जिले के लगभग 15 प्रखंडों में गुरुकुल की तर्ज पर यह निःशुल्क बाल संस्कार केंद्र शुरू किए जाएंगे। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति, धर्म और वास्तविक इतिहास से जोड़ना है। वर्तमान में स्कूलों में बच्चों को रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या देवी, महाराणा प्रताप और भगत सिंह जैसे शूरवीरों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी जा रही है। स्कूलों में छिपाई जा रही इसी ऐतिहासिक जानकारी और संस्कारों को बच्चों तक पहुंचाने के लिए यह पहल की गई है।

अभ्यास वर्ग के दौरान बहनों को इन केंद्रों के कुशल संचालन के लिए वैचारिक और व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। उन्हें शस्त्र चलाने, आत्मरक्षा करने, देशभक्ति गीत, मानवीय संस्कार, नैतिक मूल्य और शारीरिक खेलों का प्रयोगात्मक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी बहनों को 'बाल संस्कार मार्गदर्शिका' पुस्तकें भी भेंट की गईं ताकि वे बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षित कर सकें।

यह अभ्यास वर्ग कुल चार सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र का शुभारंभ मातृशक्ति विभाग संयोजिका लता चौहान ने किया, जिसमें उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल संस्कार केंद्रों की आवश्यकता पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में दीपांशी उपाध्याय और वैष्णवी ने बहनों को संस्कार केंद्रों की आदर्श आचार पद्धति और देशभक्ति गीतों का अभ्यास कराया। वहीं, तृतीय सत्र में प्रियंका परमार और रितु कपूर के सानिध्य में नैतिक मूल्यों और शारीरिक खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के प्रांत मंत्री विनोद शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान जिला अध्यक्ष राजेश आंजना, जिला मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, मातृशक्ति विभाग संयोजिका लता चौहान, जिला उपाध्यक्ष रितु कपूर, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार, प्रखंड संयोजिका वैष्णवी शर्मा, दीपांशी उपाध्याय, अनुष्का और सह संयोजिका चंदा माली सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरितिमा युक्त पर्यावरण प्रकृति का अनुपम हस्ताक्षर, दौलतगंज स्कूल में रोपे 51 पौधे

### 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत आयोजन, वक्ताओं ने कहा- ऑक्सीजन के निशुल्क भंडार हैं वृक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शालिग्राम तोमर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दौलतगंज में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 51 पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित नेत्रदानी व देहदानी शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली युक्त पर्यावरण प्रकृति का अनुपम हस्ताक्षर है। जब हमें हर चीज एवन चाहिए, तो हमारा पर्यावरण भी एवन होना चाहिए। वृक्ष हमारे माता और पिता दोनों की भूमिका का निर्वहन करते हैं और ये ऑक्सीजन के निशुल्क भंडार हैं। प्रकृति एक ऐसी गुल्लक है जिसमें हम जितना बोएंगे, हमें उसका कई गुना वापस प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित ने कहा कि पृथ्वी, पानी और हवा जीवन के मुख्य आधार हैं। पर्यावरण प्रकृति और हरियाली की आत्मा है। हम सभी को मिलकर उत्तम पर्यावरण के माध्यम से प्रकृति का श्रृंगार करना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. मनीषा राठौर ने सुमधुर पर्यावरण गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती ज्योति नागर ने किया तथा अंत में आभार अंजना अष्टकर ने माना।

उज्जैन
शुक्रवार
17
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥
अर्थः वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं; सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

## खबर एक नजर...

### नौकरी का झांसा देकर युवतियों को बंधक बनाने का आरोप

**इंदौर।** रतलाम की चार युवतियों ने इंदौर पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर आरोप लगाया है कि आयुर्वेदिक कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उन्हें राजेंद्र नगर क्षेत्र में बंधक बनाकर रखा गया। युवतियों का दावा है कि उन्हें जबरन लड़कों के साथ हॉस्टल में रखा गया और अन्य लड़कियों को भी बुलाने का दबाव बनाया जा रहा था। किसी तरह वहां से भागकर वे रतलाम पहुंचीं और परिजनों को पूरी जानकारी दी। शिकायत मिलने पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने मामले की जांच के निर्देश दिए। महिला थाना प्रभारी श्रद्धा यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम युवतियों को साथ लेकर राजेंद्र नगर क्षेत्र पहुंची। युवतियों की निशानदेही पर आनंद फार्म हाउस के पास स्थित एक मल्टी में दबिश दी गई, जहां एक फ्लैट से तीन युवतियां मिलीं। इसके बाद पुलिस रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक अन्य अपार्टमेंट पहुंची, जहां एक युवक और दो युवतियां मिलीं। पुलिस ने मामले में उर्मिला नाम की महिला और कमलेश नाम के युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं अन्य युवतियों को भी इसी तरह बंधक बनाकर तो नहीं रखा गया था और उन्हें गुजरात ले जाने की तैयारी की जा रही थी या नहीं। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच जारी है।

### इंदौर के 45 हजार बच्चे नाटे, पांच वर्ष के बच्चे का वजन 17 किलो होना चाहिए

**इंदौर।** इंदौर जिले में कुपोषण की स्थिति इतनी गंभीर है कि हर तीन में से एक बच्चा नाटेपन का शिकार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के अनुसार 5 वर्ष की उम्र के लड़कों की औसत लंबाई करीब 110 सेमी और लड़कियों की 109.4 सेमी और वजन 15 से 17 किलो होना चाहिए। लालबाई-फूलबाई आंगनवाड़ी सिमरोल, भगोरा की आंगनवाड़ी क्रमांक 1-2 और 3 पहुंची तो वहां एक भी बच्चा इस मापदंड पर खरा नहीं उतरा। पोषण ट्रैकर के अनुसार जिले में 0 से 5 वर्ष के 1 लाख 36 हजार 202 पंजीकृत बच्चों में 44 हजार 946 बच्चों की लंबाई उनकी उम्र के अनुसार सामान्य से कम है। विशेषज्ञों के अनुसार नाटापन लंबे समय तक पर्याप्त पोषण नहीं मिलने और बार-बार संक्रमण का संकेत होता है। पोषण की कमी का असर बच्चे पर लंबे समय तक हो सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग दावा है कि आंगनवाड़ियों में बच्चों को 15-20 ग्राम प्रोटीन और 500 कैलोरी वाला आहार दिया जा रहा है।

### डॉक्टर के साथ ऑनलाइन ठगी, डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड से खरीदे 37 हजार के गिफ्ट वाउचर

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल के डॉक्टर साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर अमेजन से 37 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर खरीद लिए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. दीपक पाटीदार 7 जून को विजयनगर क्षेत्र में थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड का 37 हजार रुपए का बिल आया। जांच करने पर पता चला कि उनके कार्ड से अमेजन के गिफ्ट वाउचर खरीदे गए हैं। ठगी का पता चलते ही उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, लसूडिया थाना पुलिस ने हेमत कुमार की शिकायत पर साइबर ठगी का एक अन्य मामला दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि 12 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक एप से जुड़ा मैसेज आया। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद जब उन्होंने बैंक खाता चेक किया तो करीब 98 हजार रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर हो चुके थे। पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीच-बचाव करने पर कपड़ा व्यापारी पर हमला

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में कपड़ा व्यापारी पर दो से ज्यादा बदमाशों ने हमला कर दिया। व्यापारी ने दिन में दुकान के बाहर हो रहे विवाद में बीच-बचाव किया था। आरोप है कि रात में घर लौटते समय रेलवे अंडरब्रिज के पास बदमाशों ने उसे घेरकर हमला कर दिया। घायल व्यापारी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूड़िया थाना पुलिस के मुताबिक गौरी नगर निवासी शुभम यादव की शिकायत पर विनय और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का मामला दर्ज किया गया है। शुभम ने पुलिस को बताया कि उसकी सिंगापुर टाउनशिप में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। बुधवार शाम दुकान के बाहर विनय और उसके साथी कुछ युवकों से विवाद कर रहे थे। इस दौरान उसने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया था। शुभम ने बताया कि रात में दुकान बंद कर वह स्कूटर से घर लौट रहा था। रेलवे अंडरब्रिज के पास विनय और उसके साथी पहले से उसका इंतजार कर रहे थे। आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर अचानक हमला कर दिया। जान बचाने के लिए शुभम स्कूटर छोड़कर सड़क पर दौड़ पड़ा और मदद के लिए आवाज लगाने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान शुभम गिर गया। लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

एनटीए ने जारी किया रिजल्ट, एमपी में 1.18 लाख छात्रों ने दी थी परीक्षा

# नीट-यूजी 2026: इंदौर के आराध्य की ऑल इंडिया 110वीं रैंक

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने गुरुवार देर रात नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया। इस साल करीब 20 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 11.21 लाख मेडिकल, डेंटल, आयुष और अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए क्वालिफाई हुए हैं।

मध्यप्रदेश के इंदौर के आराध्य गर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 110वीं रैंक हासिल की। जनरल कैटेगरी में उन्हें 85वीं रैंक मिली है। वे इंदौर के टॉपर भी बने हैं। मध्यप्रदेश से इस बार करीब 1.18 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इसके लिए राज्य के 30 जिलों में 283 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।



देशभर में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से टॉप किया। 19 अभ्यर्थियों ने 700 से अधिक और 138 ने 690 या उससे ज्यादा अंक हासिल किए। एनटीए के अनुसार, टॉप स्कोरर्स में 93% से अधिक पहली बार परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी हैं, जबकि 99% टॉप रैंकर्स की उम्र 17 से 19 वर्ष के बीच है। छात्र अपना स्कोरकार्ड neet.nta.nic.in पर देख सकते हैं।

**आराध्य के पिता बोले- लगातारी तैयारी करता रहा-** आराध्य के पिता योगी गर्ग ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही मेहनती और अनुशासित रहा है। पिछले वर्ष परीक्षा रद्द होने और लंबे समय तक बनी अनिश्चितता के बावजूद उसने तैयारी जारी रखी। पिछले प्रयास में उसके 700 से अधिक अंक आए थे, जबकि इस बार कठिन प्रश्नपत्र के बावजूद उसने 690 अंक हासिल किए।

उन्होंने बताया कि आराध्य सुबह 7:30 बजे से रात 10 बजे तक कोचिंग और पढ़ाई में व्यस्त रहता था। घर लौटने के बाद भी अगले दिन की रणनीति और तैयारी पर चर्चा करता था। अनुशासन और नियमित अभ्यास उसकी सफलता की सबसे बड़ी वजह रहे।

**2027 से कंप्यूटर आधारित होगी नीट परीक्षा-** पेपर लीक के बाद सरकार ने नीट परीक्षा में बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। 2027 से नीट-यूजी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) यानी ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। फिलहाल परीक्षा ऑफलाइन (पेन-एंड-पेपर) मोड में होती है।

नई व्यवस्था में स्टूडेंट्स कंप्यूटर पर सवाल हल करेंगे। हालांकि, सिलेबस, प्रश्नों की संख्या, विषय और मार्किंग स्कीम में कोई बदलाव नहीं होगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए पहले से मॉक टेस्ट और डेमो की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि वे नए सिस्टम के अनुसार तैयारी कर सकें।

### आराध्य के पिता योगा एक्सपर्ट

आराध्य के पिता योगा एक्सपर्ट हैं। वे नियमित रूप से उसे मेडिटेशन कराते थे, जिससे पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बनाए रखने में मदद मिली। आराध्य कोचिंग के टॉप मेरिट बैच का हिस्सा था, जहां विशेष तैयारी कराई जाती थी।

### पेपर लीक के कारण दोबारा हुए थे एग्जाम

पेपर लीक के कारण 3 मई को हुई नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसके बाद एनटीए ने 21 जून को देश और विदेश के 551 शहरों में 5,440 परीक्षा केंद्रों पर 13 भाषाओं में दोबारा परीक्षा आयोजित की। अब एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

प्रदर्शनकारी ने हाथ में लिया अनोखा पोस्टर

# इंदौर आरटीओ में कथित 500 करोड़ रु. के भ्रष्टाचार का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में हुए एक प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी अपने हाथ में ऐसा पोस्टर लेकर पहुंचा, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। पोस्टर पर बड़े अक्षरों में लिखा था- इंदौर आरटीओ में 500 करोड़ का भ्रष्टाचार। अगर मैं झूठ बोल रहा हूं तो मुझे फांसी पर चढ़ा दिया जाए।

प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी ने आरोप लगाया कि इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। उसका कहना था कि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। प्रदर्शन में मौजूद कुछ लोगों ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग की।




## अगर मैं झूठ बोल रहा हूं तो मुझे फांसी पर चढ़ा दिया जाए

प्रदर्शन स्थल पर यह पोस्टर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। राहगीरों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने भी पोस्टर को देखा और कई लोगों ने इसकी तस्वीरें तथा वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किए।

हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि पोस्टर पर लिखे गए आरोप प्रदर्शनकारी के व्यक्तिगत दावे हैं। इन आरोपों की किसी सक्षम एजेंसी या न्यायालय द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। समाचार लिखे जाने तक इंदौर आरटीओ या संबंधित सरकारी अधिकारियों की ओर से इस संबंध में



कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

यदि भविष्य में इस मामले में किसी जांच एजेंसी की कार्रवाई होती है या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया जाता है, तो उससे स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

नाना पटवारी के साथियों ने कबूला

# 20 से 100 रुपए मिलता है क्रिकेट सट्टे का कमीशन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एमडी ड्रग्स के मामले में आरोपी नाना पटवारी और उसके साथी सुमित मंत्री से बुधवार देर रात तक राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि नाना के साथी ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट ऑल पैनल पर क्रिकेट सट्टे के कमीशन एजेंट थे। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें प्रत्येक लेनदेन पर कमीशन मिलता था।

जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने नाना के चार साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल इस प्रकरण में नाना पटवारी का नाम आरोपी के रूप में शामिल नहीं किया गया है। पुलिस के अनुसार जांच में संजय कौशल, मनीष जादौन, दिनेश उर्फ लल्ला चौहान, प्रीतेश त्रिपाठी सहित अन्य लोगों की भूमिका सामने आई है। इन पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का नेटवर्क संचालित करने और बेटिंग आईडी उपलब्ध कराने का आरोप है।

जांच में सामने आया कि कृष्णा नगर निवासी संजय कौशल ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट ऑल पैनल पर क्रिकेट सट्टे का कमीशन एजेंट था। प्रत्येक लेन देन पर उसे 20 से 100 रुपए तक कमीशन मिलता था। पूछताछ में संजय ने पुलिस को बताया कि सच्चिदानंद नगर (महू नाका) निवासी मनीष पमनानी उसे ऑलपैन एक्स और ग्रेडटेक्स डॉट कॉम की बेटिंग लिंक उपलब्ध कराता था। ये लिंक वॉट्सऐप के जरिए भेजी जाती थीं, जिन पर 5 हजार रुपए या उससे अधिक बैलेंस वाली बेटिंग आईडी मिल जाती थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि दिनेश उर्फ लल्ला चौहान, मनीष जादौन और प्रीतेश त्रिपाठी को ऑनलाइन बेटिंग ऐप की आईडी उपलब्ध कराई गई थी। इन आईडी और लेनदेन का पूरा हिसाब संजय कौशल एक डायरी में दर्ज करता था।

# उर्मिला हत्याकांड: पांच दिन बाद भी पति फरार

## 10 हजार का इनाम घोषित चार टीमें तलाश में जुटीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

डाक विभाग की पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में पांच दिन बाद भी मुख्य आरोपी और मृतका के पति अखिलेश सैनी का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस की चार से अधिक टीमें अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश में जुटी हैं। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

11 जुलाई को डाककुंज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में 38 वर्षीय पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या कर दी गई थी। घटना के समय उनके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। स्कूल से लौटने पर बच्चों ने घर के अंदर मां का खून से लथपथ शव देखा। वारदात के बाद से उर्मिला का पति अखिलेश सैनी फरार है। जांच अधिकारियों के मुताबिक अखिलेश ने पूरी वारदात पहले से योजना बनाकर की। पुलिस का मानना है कि उसे यह जानकारी थी कि जांच में मोबाइल फोन सबसे अहम सुराग होता है। इसी वजह से वह अपने दोनों मोबाइल फोन घर पर छोड़कर फरार हुआ, जिससे उसकी लोकेशन और संपर्कों का पता नहीं चल पा रहा है।

पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने फरारी के दौरान नई सिम खरीदी होगी, लेकिन अभी तक इसका कोई सबूत नहीं मिला है। बैंक खाते, यूपीआई और अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों से भी उसकी कोई गतिविधि सामने नहीं आई है। जांच में पता चला है कि आरोपी बच्चों को दोपहिया वाहन की चाबी देने के बाद ऐसे रास्ते से निकला, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। बाद में उसके फुटेज इंदौर रेलवे स्टेशन पर मिले। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि उसने दिल्ली जाने के लिए ट्रेन का टिकट बुक कराया था, लेकिन बाद में उसे रद्द कर दिया। इसके बाद वह सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र की ओर जाता दिखाई दिया। पुलिस को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि अखिलेश सैनी को खलघाट क्षेत्र में देखा गया था। इस सूचना की भी जांच की जा रही है, हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

कॉलेज के बाहर छात्राओं से अश्लील इशारे

# गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने कलेक्टर से लगाई सुरक्षा की गुहार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ और सुरक्षित शहरों में गिने जाने वाले इंदौर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर के गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कॉलेज परिसर और आसपास बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों की शिकायत की तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई।

छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज के बाहर कुछ असामाजिक तत्व रोजाना उनका पीछा करते हैं, अभद्र टिप्पणियां करते हैं और अश्लील इशारों के जरिए उन्हें परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि कई युवक



मोबाइल पर अश्लील फोटो और वीडियो दिखाते हैं तथा सार्वजनिक स्थानों पर अशोभनीय हरकतें करते हैं, जिससे छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

छात्राओं के अनुसार कॉलेज में करीब 10 हजार छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। उनका कहना है कि पिछले तीन वर्षों से इस संबंध में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई कुछ समय बाद धीमी पड़ जाती है और स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

**सीसीटीवी कैमरे, पेट्रोलिंग और स्थायी सुरक्षा की मांग-** छात्राओं ने प्रशासन से कॉलेज परिसर और आसपास नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, महिला पुलिस की तैनाती तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त और स्थायी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करना उनका अधिकार है और इसके लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

**कलेक्टर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन-** मामले को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि छात्राओं की शिकायत गंभीर है और इसे प्राथमिकता से लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देने की बात कही।

# युवती ने आग लगाकर की खुदकुशी, 22 पन्नों का सुसाइड

## लिखा- ऐसा आश्रम बने, जहां बिना पिता की बेटियां सम्मान से रहें, भाभी के परिवार-मंगेतर पर प्रताड़ना के आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पीथमपुर में मंगलवार को 22 साल की युवती ने अपने ही घर में आग लगाकर खुदकुशी कर ली। गुरुवार को पुलिस को युवती के कमरे से 22 पन्नों की एक डायरी मिली है, जिसे सुसाइड नोट माना जा रहा है। इस नोट में नेहा ने पारिवारिक विवाद, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और मंगेतर के मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के आरोप हैं। घटना मंगलवार देर रात करीब 2:00 से 2:30 बजे के बीच की है। युवती के भाई ने बताया कि परिवार के सभी लोग रात करीब 10:30 बजे खाना खाकर सो गए थे। रात करीब 2:00 बजे अचानक बहन के कमरे से चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जब घरवाले दौड़कर कमरे की तरफ पहुंचे, तो वहां भीषण आग लगी हुई थी और चारों तरफ घना धुआं फैला था। पड़ोसियों



की मदद से पानी की मोटर चलाकर किसी तरह आग बुझाई गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग में पूरी तरह झुलस जाने के कारण बहन की मौके पर ही मौत हो गई।

**पीएम और सीएम से अपील, बहन के नाम आखिरी संदेश-** युवती ने अपने इस आखिरी पत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से एक बेहद भावुक अपील की है। उन्होंने लिखा कि देश में एक ऐसा आश्रम बनाया जाए जहां बिना पिता की बेटियां और ननदें सम्मान से रह सकें, ताकि भाई-भाभी के होते हुए भी किसी बहन को खुद को अनाथ न समझना पड़े। इसके साथ ही युवती ने अपनी छोटी बहन के लिए भी एक संदेश छोड़ा है, जिसमें उन्होंने छोटी बहन को हिम्मत रखने, खूब पढ़ाई करने और घर की जिम्मेदारी संभालने की बात कही है।

### 22 पन्नों में लिखी प्रताड़ना की पूरी कहानी

पुलिस ने मौके से जो 22 पन्नों की डायरी जब्त की है, उसमें युवती ने अपनी मौत के लिए कई लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। युवती ने लिखा है कि उनके भाई की पत्नी और उसके मायके वाले पूरे परिवार को लंबे समय से परेशान कर रहे थे। भाभी ने स्वर्गीय पिता पर झूठे और गंदे आरोप लगाए थे, जिससे दुखी होकर उनके पिता को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। परिवार ने तंगी के बाद भी चांदी के जेवर 20,000 रुपए में गिरवी रखकर भाभी के लिए पायल खरीदी थी, फिर भी घर का क्लेश खत्म नहीं हुआ। भाभी के भाई ने घर भाभी के नाम न करने पर पूरे परिवार को झूठे दहेज केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी थी। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि भाभी के भाइयों ने उनके साथ छेड़छाड़ की थी और विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहे थे। युवती ने अपने मंगेतर सुनील परिहार, उसके परिवार के विष्णु सुमेरिया और रामचंद्र सुमेरिया और सुनील की एक महिला दोस्त विशाखा पर भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और सरेआम जलील करने के आरोप लगाए हैं। इन सब बातों के कारण वह काफी दिनों से भारी मानसिक तनाव में थीं।

# पन्ना में भगवान जगन्नाथ को गार्ड ऑफ ऑनर, भिंड, मंदसौर में निकली रथयात्रा, विदिशा... उमड़े 5 लाख श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली। उज्जैन, पन्ना, इंदौर, ग्वालियर, रतलाम, नर्मदापुरम, मंडला, महेश्वर, भिंड, मंदसौर, बालाघाट और कई अन्य जिलों में हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ खींचने उमड़े। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, जयघोष, पुष्पवर्षा और आरती के बीच भक्तों ने भगवान का स्वागत किया। कई जगह पहली बार रथयात्रा निकाली गई, जबकि कुछ स्थानों पर सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन हुआ।

उज्जैन के इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा इस बार सबसे खास रही। पहली बार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा तीन अलग-अलग पारंपरिक रथों पर विराजमान हुए। भगवान जगन्नाथ 35 फीट ऊंचे नंदीघोष रथ पर सवार हुए। बंगाल के कारीगरों ने जापान से मंगाए गए विशेष धागों और मोतियों से करीब ढाई लाख रुपए की विशेष पोशाक तैयार की। वहीं, शहर के कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से करीब 100 साल पुराने लकड़ी के रथ को 1200 गांवों के श्रद्धालुओं ने खींचा।



पन्ना में पुरी की तर्ज पर निकली ऐतिहासिक रथयात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ को परंपरा के अनुसार गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में रथयात्रा निकली। राजपरिवार के सदस्य महाराज छत्रसाल जूदेव द्वितीय और कलेक्टर ऊषा परमार भी यात्रा में शामिल हुए।

## जय जगदीश के जयकारों से गूंजा

169 साल पुराने भगवान जगदीश स्वामी के ऐतिहासिक मंदिर से जब 22 फीट ऊंचे रथ पर सवार होकर भगवान, बलदाऊ और सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले, तो पूरा मानौरा धाम जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा। ग्यारसपुर और अटारीखेजड़ा तक का 15 किमी का मार्ग श्रद्धालुओं से पटा रहा। एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मुताबिक, शाम 4 बजे तक 5 लाख से अधिक लोग दर्शन कर चुके थे। सुबह रथ के मुख्य चौक पहुंचते ही भगदड़ की स्थिति बनी, जिसे एसपी रोहित काशवानी और एएसपी ने खुद मोर्चा संभालकर संभाला। एसडीएम शशि मिश्रा के अनुसार भीड़ का अनुमान लगाना मुश्किल था। भारी भीड़ से दिनभर में 10 बार जाम लगा, जिससे बचने के लिए चालकों ने गाड़ियां खेतों में उतार दीं।

## इंदौरः रथ के आगे झूमते रहे श्रद्धालु

इंदौर में भगवान वेंकटेश की रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं भजनों पर नृत्य करती रहीं, नगर निगम के सफाईकर्मी रथ के पीछे चलते हुए स्वच्छता का संदेश देते रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के दर्शन किए।

भिंड में पहली बार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई। करीब पांच किलोमीटर लंबी यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया।

## मंदसौर और खरगोनः पहली बार बनी ऐतिहासिक शुरूआत

मंदसौर में 500 साल पुराने श्री जगदीश मंदिर से पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली। वहीं, खरगोन में 125 साल पुराने जगदीश मंदिर से पहली बार तीन किलोमीटर लंबी रथयात्रा निकाली गई, जिसमें तीन हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

# दिल्ली में मप्र को मिले 20,193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

दिल्ली में आयोजित 'भारत टेक्स-2026' और 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' में एमपी को रोजगार की दिशा में बड़ा आश्वासन मिला है। इन दोनों बड़े आयोजनों के माध्यम से मप्र को कुल 20,193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे प्रदेश में लगभग 27,592 लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि मध्यप्रदेश देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में अपनी स्थिति को और मजबूत करते हुए 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली के होटल द लीला पैलेस में देश-विदेश के उद्योगपतियों और वैश्विक ब्रांड प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने मध्यप्रदेश को देश का उभरता हुआ औद्योगिक एवं टेक्सटाइल हब बताते हुए कहा कि राज्य निवेशकों के लिए नीति, नीयत, प्रतिभा, प्रवृत्ति, सुविधा, सामर्थ्य, ऊर्जा, उत्साह, सेवा और सुरक्षा की 10 गारंटियां लेकर आया है।

मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों को जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भाग लेने का विशेष आमंत्रण दिया और उन्हें अनुकूल नीतियों तथा त्वरित प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया।

भारत मंडपम में आयोजित टेक्सटाइल राउंडटेबल के दौरान मध्यप्रदेश के वस्त्र उद्योग को एक नई दिशा मिली। इस सत्र में प्रदेश के वस्त्र एवं परिधान उद्योग, पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, तकनीकी वस्त्र, कौशल विकास और निर्यात संवर्धन पर गहन मंथन हुआ। इस विशेष आयोजन के माध्यम से प्रदेश को वस्त्र क्षेत्र में 1,592 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में लगभग 15,700 रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

## पन्ना में ढाबे पर मिली शराब की बोतलें

**पन्ना ।** पन्ना में आबकारी विभाग ने लगातार दूसरे दिन अवैध शराब के खिलाफ शहर के कई ठिकानों पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आबकारी टीम ने सतना बैरियर पर बने साईं कृपा ढाबे पर तलाशी ली। यहां फ्रिज से किंगफिशर बीयर की 20 बोतलें और 27 कैन (कुल 26.5 बल्क लीटर) जब्त की गईं। मामले में आरोपी जितेंद्र राय (40 वर्ष, निवासी रानीगंज मोहल्ला) के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(क) के तहत केस दर्ज किया गया है। आगरा मोहल्ला वेटनरी हॉस्पिटल रोड पर एक किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब बेची जा रही थी।

# पशुपतिनाथ मंदिर की दान पेटी में 31.40 लाख रुपए मिले

## मंदसौर में 7 देशों मुद्रा भी मिली, 2026 में 1 करोड़ से ज्यादा का चढ़ावा

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ रही है। मंदिर की दान पेटियों की दो दिन तक चली गणना में 31 लाख 40 हजार 20 रुपए की नकद राशि मिली। इसके अलावा 8 ग्राम सोने के आइटम, 190 ग्राम चांदी के छोटे आभूषण और 7 देशों की विदेशी मुद्रा भी दान पेटियों से निकली।

मंदिर प्रबंधन समिति ने पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दान राशि की गणना कराई। पहले दिन 15 जुलाई को 24 लाख 2 हजार 450 रुपए और दूसरे दिन 16 जुलाई को 7 लाख 37 हजार 570 रुपए मिले। दोनों दिनों की गणना के बाद कुल दान राशि 31 लाख 40 हजार 20 रुपए रही।



दान पेटियों में भारत के अलावा कई देशों की मुद्रा भी मिली। इनमें मलेशिया के 20 और 5 सेंट के सिक्के, नेपाल के 2 रुपए के दो सिक्के तथा 100 और 5 मूल्य के नोट, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का एक सिक्का, थाईलैंड का 2 मूल्य का सिक्का, कजाकिस्तान का 1 मूल्य का सिक्का और ब्राजील का 2 मूल्य का एक नोट शामिल है।

मंदिर समिति के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक चार चरणों में दान पेटियों की गणना हो चुकी है। इन चारों चरणों में कुल 1 करोड़ 3 लाख 60 हजार 40 रुपए की दान राशि प्राप्त हुई है।



### वर्ष 2026 में अब तक मिली दान राशि

**जनवरीः 25 लाख 43 हजार 350 रुपए, मार्चः 24 लाख 27 हजार 670 रुपए, मईः 22 लाख 31 हजार रुपए, जुलाईः 31 लाख 40 हजार 20 रुपए**

मंदिर समिति का कहना है कि दान पेटियों में विदेशी मुद्रा मिलना इस बात का संकेत है कि भगवान पशुपतिनाथ के प्रति देश के साथ-साथ विदेशों के श्रद्धालुओं की भी गहरी आस्था है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

## कोहेफिजा थाने के टू-आईसी के. शुक्ला निलंबित, लंबे समय से मिल रही थीं शिकायतें

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे कोहेफिजा थाने के टू-आईसी के. शुक्ला को डीसीपी जोन-3 आयुष गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने के आरोप में थाने के अन्य अधिकारियों सहित स्टाफ की जांच कराई जा रही है। भूमिका स्पष्ट होने पर और लोगों के खिलाफ कार्रवाई तय की जाएगी।

बताया जा रहा है कि शुक्ला के खिलाफ लंबे समय से अपराधियों से सांठगांठ, कार्यप्रणाली में अनियमितता और अन्य गंभीर शिकायतें पुलिस अधिकारियों को मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस महकमे ने उनके आचरण और कार्यशैली पर लगातार नजर रखी हुई थी। करीब एक माह पहले पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने उन्हें कोहेफिजा थाना प्रभारी के पद से हटाकर उसी थाने में टू-आईसी (सेकंड-इन-कमांड) के रूप में पदस्थ कर दिया था। इसे उनके खिलाफ प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई माना गया था। अब डीसीपी जोन-3 आयुष गुप्ता ने उपलब्ध शिकायतों और विभागीय स्तर पर हुई समीक्षा के बाद केजी शुक्ला को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उनके खिलाफ विभागीय जांच भी की जाएगी, जिसमें प्राप्त शिकायतों और आरोपों की विस्तार से पड़ताल होगी।

## खबर एक नजर...

### पार्वती नदी में डूबने से दो युवकों की मौतःराजगढ़ में पुल पर बाइक, कपड़े और मोबाइल मिले

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग स्थित पार्वती नदी में डूबे दोनों युवकों के शव गुरुवार को बरामद कर लिए गए। बुधवार शाम से चल रहे रेस्क्यू अभियान में एसडीईआरएफ की टीम ने करीब 27 घंटे तक बोट से तलाश की। गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिला, जबकि दूसरे का शव शाम करीब 7:15 बजे नदी से निकाला गया। जानकारी के अनुसार, भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मेगरा नवीन निवासी सोनू अहिरवार (26) और गोलू अहिरवार (23) बुधवार शाम करीब 4:30 बजे पार्वती नदी में नहाने गए थे। काफी देर तक दोनों वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान नदी पर बने अस्थायी पुल पर दोनों की बाइक खड़ी मिली। पुल के किनारे उनके कपड़े और मोबाइल भी रखे थे। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी में डूबने की आशंका जताते हुए एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया। बुधवार देर रात तक रेस्क्यू अभियान चला, लेकिन दोनों का पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह एसडीईआरएफ ने बोट से दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुबह सोनू का शव बरामद हुआ। इसके बाद पूरे दिन तलाश जारी रही। शाम करीब 7:15 बजे गोलू का शव भी नदी से निकाल लिया गया।

### तेरहवीं में गया जवान, घर से 5 लाख की चोरी, ग्वालियर के हुरावली में वारदात

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सिरोल थाना क्षेत्र स्थित हुरावली में बड़े भाई की तेरहवीं में शामिल होने गांव गए एक बीएसएफ जवान के सूने मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। बदमाश मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे, अंदर की कुंडी काटी और नकदी व सोने-चांदी के जेवर सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब पड़ोसियों ने घर का टूटा ताला देखकर जवान को सूचना दी। पीड़ित 55 वर्षीय नरेन्द्र सिंह बीएसएफ में पदस्थ हैं और मूल रूप से डबरा के ग्राम मेहगांव के निवासी हैं। वर्तमान में वह परिवार के साथ हुरावली में रहते हैं। उनके बड़े भाई प्रहलाद सिंह का 2 जुलाई को निधन हो गया था। तेरहवीं कार्यक्रम के लिए नरेन्द्र सिंह पहले ही गांव चले गए थे, जबकि 13 जुलाई की शाम उनका बेटा पंकज घर में ताला लगाकर गांव पहुंचा था।

15 जुलाई को पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचने पर घर का सामान बिखरा मिला। पीड़ित के अनुसार चोर 1.80 लाख रुपए नकद, डेढ़ तोला सोने की चेन, सोने की अंगूठी, सोने का फूल, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया और एक जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ले गए।

### मंडीदीप हाईवे अंडरब्रिज पर वाहनों के पहिए थमे

**मंडीदीप।** मंडीदीप में ट्रैफिक जाम की समस्या काफी बढ़ गई है। गुरुवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच सतलापुर-मंडीदीप हाईवे अंडरब्रिज पर गाड़ियों के पहिए पूरी तरह थम गए। शहर की मुख्य सड़कों, खास तौर पर हाईवे अंडरब्रिज और रेलवे स्टेशन रोड पर हर दिन लोगों को लंबे जाम से जूझना पड़ रहा है। मंडीदीप में रोजाना तीन बार ट्रैफिक का बुरा हाल होता है। सुबह स्कूल बसों, ऑटो और कंपनियों की बसों की वजह से सड़कों पर भारी दबाव रहता है। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी के समय फिर से सड़कों पर जाम जैसे हालात बन जाते हैं। शाम में कंपनियों की छुट्टी होने पर बड़े ट्रकों, ट्रालों और कंटेनरों के सड़क पर आने से स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाती है। अंडरब्रिज वाला इलाका शहर का सबसे व्यस्त चौराहा बन चुका है। यहाँ भोपाल, औबेदुल्लागंज, सतलापुर, मुख्य मंडीदीप शहर, स्टेशन रोड, बाजार और अस्पतालों की तरफ जाने वाली गाड़ियाँ एक साथ पहुंचती हैं। चारों दिशाओं से गाड़ियों के बेतरतीब ढंग से आने-जाने के कारण कुछ ही मिनटों में लंबा जाम लग जाता है।

# इटारसी में दो बदमाशों का युवक पर चाकू से हमला, रंजिश के चलते मौत



ब्रह्मास्त्र ›› इटारसी

इटारसी में पुरानी रंजिश के चलते बुधवार रात दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में घायल अनिकेत उर्फ पवन भदौरिया की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना रात करीब 8:30 बजे शहर के विश्वनाथ टॉकीज के पास हुई। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बदमाश शुभम यादव उर्फ राजा और हशीब खान उर्फ आशू इटारसी के रहने वाले हैं। दोनों की पवन भदौरिया से पुरानी रंजिश थी। बुधवार रात पवन विश्वनाथ टॉकीज के पास था। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने उसे घेर लिया और जान से मारने की नीयत से चाकू से कई वार किए।

घायल पवन को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक सीने में गहरा चाकू लगने से उसके हृदय को चोट आई थी। इसके अलावा सिर और दोनों हाथों पर भी चाकू के घाव थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, पवन का जन्मदिन चार-पांच दिन पहले ही मनाया गया था। उसकी दो माह की एक बेटी है। युवक की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने शुभम यादव उर्फ राजा और हशीब खान उर्फ आशू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## मुआवजा और पुनर्वास की मांग पर अड़े प्रभावित

# 11वें दिन भी अनशन जारी, नहीं मिला पूरा मुआवजा

ब्रह्मास्त्र ›› छतरपुर

छतरपुर में केन-बेतवा लिंक सहित विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित ग्रामीणों का आंदोलन लगातार तेज हो रहा है। महिलाएं पिछले 14 दिनों से प्रतीकात्मक रूप से चिताओं पर लेटकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। वहीं, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर का आमरण अनशन गुरुवार को 11वें दिन भी जारी रहा।

आंदोलनकारियों का आरोप है कि उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा नहीं मिल रही है। अमित भटनागर ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित आदिवासी और किसानों के संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी की गई है। ग्राम सभा की प्रक्रिया, आपत्तियों के निराकरण और अवार्ड की प्रतियां भी प्रभावितों को उपलब्ध नहीं कराई गईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई परियोजनाओं में पात्र परिवारों की जगह अपात्र लोगों को ज्यादा मुआवजा दिया गया। जबकि जिन लोगों की जमीन, घर और आजीविका प्रभावित हुई, वे अब भी उचित मुआवजे से वंचित हैं।



मुआवजे की मांग कर रहे आंदोलनकारियों का कहना है कि केन-बेतवा लिंक, नैगुवा सिंचाई परियोजना, एनटीपीसी, मझगांव और रूंज डैम जैसी परियोजनाओं से प्रभावित हजारों परिवारों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है। उनका आरोप है कि पूर्ण पुनर्वास और मुआवजा दिए बिना ही कई परिवारों के मकान तोड़ दिए गए। इसके कारण बारिश के मौसम में कई लोग बेघर होकर रहने को मजबूर हैं। इस बीच समाजवादी पार्टी ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। जिला अध्यक्ष कपूर सिंह यादव, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रानी रैकवार, प्रदेश महासचिव विनोद पटेल, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव समेत अन्य पदाधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे। उन्होंने प्रभावितों की मांगों का समर्थन करते हुए प्रशासन और सरकार पर अन्याय का आरोप लगाया।

# मुरैना में पुल पर बैठकर रोती रही फिर पुल से कूदी किशोरी

ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना

मुरैना के पोरसा कस्बे में गुरुवार शाम 17 वर्षीय किशोरी ने आसान क्वारी नदी के पुल से छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने लड़की को कूदते देख पुलिस को सूचना दी। पोरसा थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नदी में किशोरी की तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। देर रात तक किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। अब शुक्रवार सुबह दोबारा रेस्क्यू अभियान शुरू किया जाएगा।

प्रत्यक्षदर्शी भारत सिंह भदौरिया के अनुसार किशोरी पुल की रेलिंग पर नदी की ओर पैर लटकाकर बैठी रो रही थी। कुछ देर बाद उसने अचानक नदी में छलांग लगा दी। घटना देखते ही लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार किशोरी की करीब एक माह पहले परिजनों ने सगाई तय कर दी थी, जिससे वह खुश नहीं थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर वह अपने गांव से ई-



रिक्शा के जरिए निकली, फिर बस से पोरसा पहुंची। इसके बाद वह आसान क्वारी नदी के पुल पर पहुंची और नदी में छलांग लगा दी।

पोरसा थाना प्रभारी दिनेश कुशवाहा के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। फिलहाल किशोरी का कोई पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।

# दीपिका ने क्या वांगचुक के सपोर्ट में किया पोस्ट

**सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट वायरल; दावा- एक्ट्रेस ने कुछ ही मिनटों में डिलीट किया**



सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल के बीच सोशल मीडिया पर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को लेकर एक दावा वायरल हो रहा है। इंटरनेट पर दीपिका की कथित इंस्टाग्राम स्टोरी का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया जा रहा है। इसमें दावा किया जा रहा है कि दीपिका ने सोनम वांगचुक का समर्थन किया और देश के नेतृत्व पर सवाल उठाए। यूजर्स का कहना है कि उन्होंने इसे पोस्ट करने के कुछ ही मिनटों बाद डिलीट कर दिया। हालांकि, जांच में यह दावा पूरी तरह झूठा पाया गया है। दीपिका के ऑफिशियल अकाउंट पर ऐसी कोई पोस्ट नहीं की गई थी।

## वायरल स्क्रीनशॉट में क्या दावा किया गया

बुधवार से सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट तेजी से फैल रहा है। इसमें दिख रहा है कि दीपिका ने सोनम वांगचुक से जुड़ी एक पोस्ट को री-शेयर किया है। स्क्रीनशॉट के मुताबिक, पोस्ट पर लिखा है, ₹वे उपवास कर रहे हैं और हम स्क्रॉल कर रहे हैं। इसके साथ ही कथित तौर पर दीपिका का कैप्शन भी लिखा है, जिसमें लिखा है, ₹इस बारे में कोई बात क्यों नहीं कर रहा है? हम लोकतंत्र के सबसे काले दौर से गुजर रहे हैं। किसी फेल लीडर की तारीफ में कितनी भी फिल्में बना ली जाएं, हकीकत नहीं बदलती।

## जांच में फेक निकला वायरल स्क्रीनशॉट

सोशल मीडिया पर चल रही इस बहस के बीच जब हकीकत का पता लगाया गया, तो मामला पूरी तरह फर्जी निकला। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका पादुकोण के वेरिफाइड इंस्टाग्राम अकाउंट और उनके सोशल मीडिया आर्काइव रिकॉर्ड्स की जांच की गई। इसमें ऐसी किसी भी पोस्ट या स्टोरी का कोई सबूत नहीं मिला। फैक्ट चेक के मुताबिक, वायरल हो रहा स्क्रीनशॉट पूरी तरह से डिजिटल तरीके से एडिट किया गया है। दीपिका की ओर से ऐसा कोई बयान या पोस्ट जारी नहीं किया गया था। इंटरनेट पर किया जा रहा दावा पूरी तरह से गलत है।

## वांगचुक के सपोर्ट में आए कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज

हालांकि कॉकरोच जनता पार्टी के साथ चल रहे इस आंदोलन को अब बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री स्वरा भास्कर खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचीं और सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

वहीं, आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान, शबाना आजमी और रूबीना दिलैक जैसी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर सोनम वांगचुक से अपना अनशन खत्म करने की भावुक अपील की है। उनका कहना है कि देश को सोनम जैसे सच्चे लोगों की बहुत जरूरत है।

## प्रदर्शन स्थल पर पहुंचीं स्वरा भास्कर

मंगलवार को अभिनेत्री स्वरा भास्कर दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन में शामिल हुईं। उन्होंने वहां पहुंचकर सोनम वांगचुक और अभिजीत से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें कॉकरोच जनता पार्टी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर की गईं। इसके कैप्शन में लिखा गया कि बेबाक और निडर अभिनेत्री स्वरा भास्कर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। स्वरा ने इस पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर भी शेयर किया। उन्होंने अभिजीत का आभार जताते हुए लिखा कि हमारे बच्चों के भविष्य के लिए लड़ने के लिए आपका धन्यवाद। सोनम वांगचुक के लिए उन्होंने लिखा कि वे अथक रूप से बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं, मेरी पूरी एकजुटता उनके साथ है।

# दिल टूटने पर रोए थे आमिर, दोस्त अमीन का खुलासा


बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने 5 जुलाई को गौरी स्प्रैट के साथ तीसरी शादी की है। इस शादी के बाद से उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। अब आमिर के करीबी दोस्त अमीन हाजी उनके बचाव में आए हैं। अमीन हाजी ने रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि आमिर शादी का बहुत सम्मान करते हैं और उन्होंने हमेशा अपने पुराने परिवार और बच्चों की पूरी जिम्मेदारी उठाई है। अमीन ने कहा की उन्होंने दिल टूटने पर आमिर को रोते हुए देखा है। आमिर की निजी जिंदगी का मजाक उड़ाते हैं, लेकिन वे नहीं जानते कि आमिर कितने ईमानदार और भावुक इंसान हैं।

## परिवार और बच्चों का हमेशा रखा ख्याल

अमीन हाजी बताया की वे आमिर खान को पिछले 35 साल से जानते हैं। अमीन ने कहा की आमिर हमेशा से शादी के रिश्ते को गरिमा देते आए हैं। कई लोग एक रिश्ता टूटने के बाद निराश हो जाते हैं, लेकिन आमिर ऐसे नहीं हैं। लोग अक्सर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर बातें करते हैं, लेकिन यह नहीं देखते कि वे कितने ईमानदार रहे हैं। जिंदगी में आगे बढ़ने के बाद भी उन्होंने हमेशा अपने पिछले परिवार और बच्चों का पूरा ख्याल रखा है। बहुत कम लोग इस बात को स्वीकार करते हैं। आमिर को एक बेहद भावुक इंसान बताते हुए अमीन ने कहा कि उन्होंने आमिर को दिल टूटने के बाद बिखरते हुए देखा है। वे कहते हैं कि लोग कई साल बाद दोबारा प्यार मिलने पर मजाक बनाते हैं, लेकिन 15 साल का समय बहुत लंबा होता है। मैंने उन्हें रोते हुए देखा है। बाहर से रिश्ते जितने आसान लगते हैं, उतने होते नहीं हैं। जब कोई शादी टूटती है, तो उसके लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है। आमिर खान ने लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहे जाने पर खुद भी सफाई दी है। वेबसाइट रेडिफ के साथ बातचीत में आमिर ने कहा- मेरी तीनों शादियों में किसी भी पत्नी ने धर्म परिवर्तन नहीं किया, क्योंकि शादियां सिविल मैरिज थीं। तीसरी पत्नी गौरी हिंदू नहीं बल्कि ईसाई हैं। आमिर ने कहा- मेरी बेटी इरा की शादी एक हिंदू से हुई है। मेरी दोनों बहनों निखत खान और फरहत खान के पति भी हिंदू हैं। कजिन मंसूर की शादी एक ईसाई से हुई है।

## फिल्म में शाहरुख के बेटे आर्यन की रूमर्ड गर्लफ्रेंड भी नजर आएंगी

# दुल्हनिया ले आएगी का ट्रेलर रिलीज



आकाशादित्य लामा की फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' का ट्रेलर रिलीज हो गया। कॉमेडी, रोमांस, पारिवारिक रिश्तों और शादी की अफरा-तफरी से भरपूर यह ट्रेलर एक ऐसी फैमिली एंटरटेनर की झलक दिखाता है, जिसमें हंसी के साथ-साथ इमोशंस और कई मजेदार ट्विस्ट भी देखने को मिलेंगे। फिल्म में खुशाली कुमार, महेश मांजरेकर और पीयूष मिश्रा दिखाई देंगे। फिल्म में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड लारिसा बोन्सी भी नजर आएंगी। बता दें कि सिद्धार्थ बनर्जी, आकाशादित्य लामा और विकास अग्रवाल द्वारा प्रोड्यूस की गई 'दुल्हनिया ले आएगी' 24 जुलाई, 2026 को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके सामने समय की बड़ी चुनौती है। इसी डेडलाइन के बीच उसकी जिंदगी में कई संभावित दूल्हों की एंट्री होती है और शुरू हो जाता है दूल्हों की तलाश का ऐसा मजेदार सिलसिला, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का वादा करता है। शादी के रंगों और उत्सव से सजा इसका माहौल फिल्म को और भी आकर्षक बनाता है।



फिल्म के ट्रेलर को लेकर डायरेक्टर आकाशादित्य लामा ने कहा, ₹हर शादी में ड्रामा होता है, लेकिन 'दुल्हनिया ले आएगी' में यह ड्रामा फेरों से पहले ही शुरू हो जाता है। हमारी कोशिश थी कि ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान हो और साथ ही उनके मन में यह जानने की उत्सुकता भी बनी रहे कि आगे क्या होने वाला है। यह तेज रफ्तार, मजेदार, इमोशनल और ऐसे किरदारों से भरी फिल्म है, जिनसे दर्शक आसानी से जुड़ जाएंगे। यह पूरी तरह से एक फैमिली एंटरटेनर है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे देखकर उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमें इसे बनाने में आया।₹

# सोहेल खान का बचपन में हुआ था यौन उत्पीड़न

सलमान खान के छोटे भाई और एक्टर सोहेल खान ने हाल ही में बताया कि बचपन में उनके साथ यौन उत्पीड़न हुआ था, लेकिन उन्होंने कई सालों तक इस बारे में किसी से बात नहीं की थी। यह बात उन्होंने रियलिटी शो 'अलायंस' में कही। शो में सोहेल खान की टीम इस सप्ताह लीडरबोर्ड में टॉप पर रही। जीत के जश्न और हल्के-फुल्के माहौल के बीच उन्होंने दूसरे कंटेस्टेंट अर्सलान गोनी, रुही दोसानी और अली गोनी के साथ बातचीत में अपने बचपन का अनुभव शेयर किया।

## कई सालों तक किसी को नहीं बताया

रैगिंग के खिलाफ बात करते हुए सोहेल ने कहा, 'जब मैं छोटा था तो किसी ने मेरा यौन उत्पीड़न किया था और मैंने इसे सालों तक अपने अंदर दबाए रखा।' बड़े होने के बाद उन्होंने अपने पिता को इसके बारे में बताया। सोहेल के मुताबिक, उनके पिता ने कहा था कि उन्होंने इतने साल तक यह बात अपने अंदर क्यों रखी। सोहेल ने कहा कि उस समय उन्हें इस घटना के बारे में बताने में शर्म महसूस होती थी, जबकि उनकी कोई गलती नहीं थी। इसी एपिसोड में सोहेल खान अपने परिवार के बारे में बात करते हुए इमोशनल हो गए। उन्होंने कहा कि वह उन्हें बहुत मिस करते हैं। शो के होस्ट कुणाल खेमू से बात करते हुए सोहेल ने बताया कि उन्होंने पहले भी कई रियलिटी शो होस्ट और जज किए हैं, लेकिन एक कंटेस्टेंट के तौर पर हिस्सा लेने के बाद उन्हें कंटेस्टेंट पर पड़ने वाले मेंटल और इमोशनल प्रेशर का एहसास हुआ।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा,

000000000

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | | 5 | | 32 | | 45 | = | 86 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 22 | | 31 | | 30 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 10 | | 5 | | 10 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 19 | | 15 | | 5 | = | 20 / 11 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में "प्राण" की दस फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

उपकार, शराबी, नसीब, हीर रांझा, आदमी, जंजीर, कुर्बानी, धर्मा, गंगा की सौगंध, राम और श्याम

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 4 | 3 | | | |
| | 34 | | 30 | | 28 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| | 25 | | 33 | 6 | 41 | |
| 1 | 3 | 2 | | 5 | 7 | |
| | 28 | 5 | 33 | | 38 | 3 |
| 4 | | | 6 | | 2 | |

**प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.**


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | + | 53 | - | 2 | - | 4 | = | 71 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | x | ■ | - |
| 66 | - | 43 | + | 4 | - | 5 | = | 22 |
| - | ■ | x | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 45 | x | 1 | - | 5 | + | 4 | = | 10 |
| - | ■ | x | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 20 | + | 2 | x | 4 | - | 20 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | - | 20 | + | 5 | - | 4 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 30 | 6 | 32 | 6 | 39 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# पुरी रथयात्रा में 10 लाख श्रद्धालु शामिल, दो की मौत



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को लगातार बारिश के बीच भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा हुई। सरकार ने रथयात्रा के दौरान हुई दो श्रद्धालुओं की मौत पर कहा कि दोनों मौतें भगदड़ या भीड़ प्रबंधन में किसी कमी की वजह से नहीं हुईं।


रथयात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ने पर 7 श्रद्धालुओं को अस्पताल पहुंचाया गया था। इनमें 60 साल के एक श्रद्धालु की मौत हुई, जिसकी वजह का अभी पता लगाया जा रहा है। वहीं, 35 वर्ष से ज्यादा उम्र के दूसरे श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हुई।

राज्य सरकार के मुताबिक, रथयात्रा में करीब 10 लाख श्रद्धालु शामिल हुए। देर शाम तक महाप्रभु जगन्नाथ का रथ 200 मीटर, भगवान बलभद्र का रथ 500 मीटर और देवी सुभद्रा का रथ 700 मीटर बढ़कर रुक गया। अब शुक्रवार सुबह 9:30 बजे पूजा-भोग के बाद रथ यात्रा फिर शुरू होगी। पुरी में गुरुवार सुबह से बारिश हो रही थी। कई अनुष्ठान भी पानी के बीच हुए। शाम 5 बजे रथ आगे बढ़े। एक घंटा ही बीता था कि बारिश रुक गई। जो श्रद्धालु लॉज या होटल में रुके थे, वे भी इकट्ठा होने लगे। इसके चलते रथों के आसपास भीड़ बढ़ी और धक्का-मुक्की होने लगी। दरअसल, मौसम विभाग ने रथ यात्रा के दौरान भारी बारिश का अंदेशा जताया था। तमाम तैयारियों के बावजूद पुलिस-प्रशासन का अनुमान था कि बारिश के चलते श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल होने से बचेंगे। लेकिन, बारिश थमते ही भीड़ बेकाबू हो गई। रथ यात्रा मार्ग पर हालात ये थे कि श्रद्धालु एक-दूसरे पर गिर रहे थे।




### गुंडिचा मंदिर क्यों जाते हैं जगन्नाथ?

मान्यता है कि गुंडिचा मंदिर भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर है। साल में सिर्फ एक बार रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा यहां आते हैं। तीनों देवता यहां 7 दिन तक विराजमान रहते हैं इसके बाद आठवें दिन बहुड़ा यात्रा के जरिए वापस जगन्नाथ मंदिर लौटते हैं। मान्यता है कि राजा इंद्रद्युम्न ने ही जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया था। इसलिए मंदिर का नाम राजा इंद्रद्युम्न की पत्नी रानी गुंडिचा के नाम पर पड़ा। साल में सिर्फ रथयात्रा के दौरान 7 दिन तक भगवान जगन्नाथ यहां विराजमान होते हैं। बाकी समय मंदिर खाली रहता है। रथयात्रा के बाद लाखों श्रद्धालु यहीं भगवान के दर्शन करते हैं। रथयात्रा से एक दिन पहले पूरे मंदिर की सफाई की जाती है। इसे गुंडिचा मार्जन कहते हैं। रथयात्रा के आठवें दिन वापसी (बहुड़ा यात्रा) के दौरान भगवान मौसी मां मंदिर में रुकते हैं। यहां उन्हें ओडिशा का पारंपरिक 'पोडा पीठा' भोग लगाया जाता है।







### रथयात्रा के दौरान चूक हुई जिससे भगदड़ जैसे हालात हुए

मंदिर के सिंहद्वार से रथों के पास भीड़ बढ़ती रही, पुलिस ने नहीं रोका। पुलिस ने भीड़ बढ़ने पर प्रवेश बंद करने या मोड़ने की व्यवस्था नहीं की। लोग अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते रहे। आने-जाने के स्पष्ट रास्ते नहीं थे।

**हमले में भारी नुकसान के साथ दो लोगों की मौत हुई है और कई घायल हुए हैं**

# अमेरिका का प्रहार: पुल, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन मलबे में तब्दील, ट्रंप की चेतावनी के बाद मची तबाही

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान**

पश्चिम एशिया में तनाव अब बहुत बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो दिन पहले ही चेतावनी दी थी। उसके ठीक बाद अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला बोल दिया। अमेरिकी सेना ने लगातार छठी रात ईरान को निशाना बनाया है। इस बार सिर्फ सैन्य ठिकाने ही नहीं, बल्कि आम लोगों से जुड़े बुनियादी ढांचे पर भी हमले हुए हैं। हमलों में ईरान के पुल, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट तबाह हो गए हैं। ईरानी मीडिया का कहना है कि ये हमले दक्षिणी प्रांतों में हुए हैं। यह पूरा इलाका व्यापार के लिहाज से बेहद खास 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के पास है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड का दावा है कि वे ईरान की सैन्य ताकत को कमजोर करना चाहते हैं। दूसरी तरफ, ईरान का कहना है कि अमेरिका ने जानबूझकर आम जनता की सुविधाओं और रास्तों को निशाना बनाया है। ईरान के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में मौजूद ईरानशहर एयरपोर्ट पर जोरदार धमाके सुने गए। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने एयरपोर्ट को निशाना बनाकर सीधे मिसाइलें दागीं। बंदर अब्बास शहर के मुख्य रेलवे जंक्शन स्टेशन पर हमला हुआ। इस धमाके में वहां काम करने वाले दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। होर्मोजगान प्रांत में दो बड़े पुलों को नष्ट कर दिया गया। ये पुल बंदर खमीर के पास थे। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, यहां हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पुल टूटने से बंदर अब्बास, खमीर और लार के बीच का सड़क संपर्क टूट गया है। बंदर अब्बास में एक मोबाइल और संचार टावर पर हमला किया गया। इससे पूरे इलाके की बिजली कट गई और संचार सेवा ठप हो गई। इस हमले में सात लोग घायल हुए हैं।



### कई शहरों में धमाके

ईरान के केशम द्वीप, बुशहर और अहवाज शहर में भी धमाकों की गूंज सुनाई दी।

### आखिर क्यों भड़के डोनाल्ड ट्रंप, क्या दी थी चेतावनी?

यह हमला अचानक नहीं हुआ है। दो दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को खुली चेतावनी दी थी। उन्होंने फॉक्स न्यूज से बातचीत में साफ कहा था कि अगर ईरान बातचीत की मेज पर नहीं आया, तो उसका बहुत बुरा हाल होगा। ट्रंप ने कड़े शब्दों में कहा था, 'अगला हफ्ता ईरान के लिए बहुत बुरा होने वाला है। हम उनके बिजली घरों और पुलों को निशाना बनाएंगे। अगर वे बातचीत के लिए नहीं आते, तो हम उनके सारे पावर प्लांट और पुल उड़ा देंगे।' ट्रंप की इस धमकी के ठीक बाद अमेरिका ने इन ठिकानों को तबाह करना शुरू कर दिया। इस हमले से अब पड़ोसी देशों में भी घबराहट फैल गई है। शुक्रवार को कुवैत के आसमान में 32 'संदिग्ध ड्रोन' मंडराते हुए देखे गए, जिससे वहां हड़कंप मच गया। वहीं, इराक की राजधानी बगदाद में मौजूद अमेरिकी दूतावास ने भी अपने नागरिकों को अलर्ट रहने को कहा है।

# प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र में सिख गुरुओं की विरासत और सिख परंपरा को समर्पित सिख संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे

## उन्नत मातृ एवं शिशु केंद्र और उन्नत तंत्रिका विज्ञान केंद्र का उद्घाटन करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री मोदी 17 जुलाई को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे। सुबह लगभग 11 बजे, प्रधानमंत्री जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। लगभग 11:30 बजे, प्रधानमंत्री जींद के एकलव्य स्टेडियम में लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री चंडीगढ़ जाएंगे, जहां दोपहर करीब 1:45 बजे वे 4,700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री जालंधर का दौरा करेंगे, जहां वे 5,470 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे।

### पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलती है, जो हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित करके ट्रेन को आगे बढ़ाती है। इस प्रक्रिया में केवल जल वाष्प उप-उत्पाद के रूप में उत्पन्न होती है, जिसके परिणामस्वरूप संचालन के दौरान कार्बन उत्सर्जन शून्य होता है। डीजल ट्रेनों की तुलना में, ये ट्रेनें टेलपाइप उत्सर्जन को खत्म करती हैं, जीवाश्म ईंधन और जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता कम करती हैं, और काफी कम शोर करती हैं। पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों के विपरीत, इन्हें निरंतर ओवरहेड विद्युतीकरण बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि बिजली ट्रेन के अंदर हाइड्रोजन ईंधन सेल के माध्यम से उत्पन्न होती है, जिससे ये एक स्वच्छ और कुशल समाधान बन जाती हैं। हरित हाइड्रोजन का उपयोग जीवाश्म ईंधन आधारित थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न बिजली पर निर्भरता को भी कम करता है, जिससे भारत के सतत परिवहन की ओर संक्रमण में सहायता मिलती है। भारत की हाइड्रोजन ट्रेन में 10 कोच हैं, जो इसे अब तक विकसित की गई सबसे लंबी हाइड्रोजन-चालित यात्री ट्रेनों में से एक बनाती है। यह 3,200 एचपी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित है, जो इसे परिचालन में मौजूद सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन-चालित ट्रेनों में से एक बनाती है। प्रधानमंत्री हरियाणा में 12,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ-साथ राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे।

प्रधानमंत्री जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जो रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई यह ट्रेन स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई है, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दशार्ती है। इसके शुरू होने के साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास हाइड्रोजन-चालित ट्रेनें परिचालन में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- 9वीं में तीसरी भाषा का बोझ न डालें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि उइरए को 9वीं से थ्री लैंग्वेंज पॉलिसी लागू नहीं करनी चाहिए। 9वीं कक्षा की पढ़ाई पहले से मुश्किल है, ऐसे में तीसरी भाषा को शामिल करने की क्या जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि इससे स्टूडेंट्स का मानसिक तनाव बढ़ सकता है। भारत सरकार से कहिए कि ऐसा न करें। जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि तीसरी भाषा को क्लास 5 या 6 में ही शुरू कर दिया जाना चाहिए, ताकि छात्र इसके साथ अधिक प्रभावी ढंग से तालमेल बिठा सकें। दरअसल, बेंच तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय बनाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। तमिलनाडु सरकार लागू थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी के पक्ष में नहीं है।

### कांग्रेस का पीएम को लेटर, कहा- सर्वदलीय बैठक बुलाएं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कांग्रेस मानसून सत्र में राम मंदिर चढ़ावा चोरी, पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का मुद्दा उठाएगी। इसके अलावा, सरकार के संशोधन बिलों का विरोध करेगी। यह फैसला गुरुवार को कांग्रेस की संसदीय दल की बैठक में लिया गया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 131वें संविधान संशोधन विधेयक यानी परिसीमन से जुड़े बिल को लेकर पीएम मोदी को पत्र लिखा। इसमें सरकार के संशोधित प्रस्तावों पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। बैठक सोनिया गांधी के आवास पर हुई। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और जयराम रमेश समेत कई नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जयराम रमेश ने कहा, 'संसद के आगामी मानसून सत्र में सरकार जिन प्रमुख विधेयकों को लाने की तैयारी कर रही है, उनका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।'

उन्होंने आगे कहा- कई मुद्दे ऐसे हैं, जिन्हें हम विशेष रूप से उठाएंगे। जैसे चंदे की चोरी और विश्वासघात। प्रभु श्रीराम मंदिर के संबंध में रोज नए खुलासे हो रहे हैं।

# गगनयान मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों ने ISRO छोड़ा: 100 इस्तीफे; केंद्रीय मंत्री बोले- लोग आते-जाते रहते हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़**

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन से पिछले 10 महीनों में 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों ने या तो इस्तीफा दे दिया है या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। नौकरी छोड़ने वाले वैज्ञानिकों में गगनयान और दूसरे अहम मिशनों से जुड़े वैज्ञानिक भी शामिल हैं।

इसके बाद अंतरिक्ष विभाग ने 14 जुलाई को नया निर्देश जारी किए हैं। नौकरी छोड़ने की प्रक्रिया अब सख्त की जाएगी। इस मामले में केंद्रीय विज्ञान और तकनीकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्रफ्ह में लोग आते-जाते रहते हैं।

इस्तीफा देने वालों में वरिष्ठ वैज्ञानिक विक्टर जोसेफ टी भी शामिल हैं। वे LVM3 प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। यही लॉन्च व्हीकल गगनयान मिशन में इस्तेमाल किया जाएगा।



सरकारी निर्देश में कहा गया है कि इस्तीफों और VRS के मामलों में तेजी आने से गगनयान और दूसरे राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट्स पर असर पड़ रहा है। नौकरी छोड़ने के आवेदनों पर अब अंतिम फैसला अंतरिक्ष विभाग करेगा। पहले क्रफ्ह केंद्रों के निदेशकों और प्रमुखों को इस्तीफे और VRS स्वीकार करने का अधिकार दिया गया था।

इन चुनौतियों के बावजूद ISRO अब गगनयान मिशन, चंद्रयान-4, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (इअर) और मंगलयान-2 जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम जारी रखे हुए है। गगनयान का लक्ष्य भारत को अपने दम पर इंसानों को अंतरिक्ष भेजने वाला दुनिया का चौथा देश बनाना है।

# मध्यप्रदेश-यूपी 2 दिन बाद होगी मानसून की वापसी

## राजस्थान को 5 दिन करना होगा इंतजार, पुरी में आज भी भारी बारिश का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश में देरी से पहुंचा मानसून मानसून कुछ दिन में ही कमजोर हो गया है। राज्य के ज्यादातर हिस्से से बादल गायब हो गए हैं। हालांकि, मौसम विभाग का मानना है कि मध्यप्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जुलाई के दूसरे पखवाड़े में मानसून रफ्तार पकड़ सकता है और 19 जुलाई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, साइक्लोनिक सिस्टम की वजह से तेज बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने बिहार में 17 जुलाई को किशनगंज, कटिहार, पश्चिम चंपारण और अररिया में भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, शुक्रवार को उत्तराखंड के पांच जिलों देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत और बागेश्वर के लिए भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

राजस्थान में फिलहाल कमजोर मानसूनी परिस्थितियां अगले 3झ4 दिनों तक बनी रहने की संभावना है। 21 जुलाई से पूर्वी राजस्थान के कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग में बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है।



अरुणाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में ईस्ट कामेंग, अपर सुबनसिरी, अपर सियांग, कामले और क्रा दादी जिलों में बाढ़ और भूस्खलन की नई घटनाएं सामने आई हैं। राज्य में अब तक 7 लोगों की मौत, 29 लोग घायल और 1,03,860 लोग प्रभावित हुए हैं।

### सरकार ने 20 लाख में खरीदे 10-लाख कीड़ों के सिर

मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में वन विभाग जंगलों को बचाने कीड़ों का सिर कटवा रहा। साल बोरर कीड़े का सिर 2 रुपए में खरीद रहा है। मकसद कीड़ों को खत्म कर साल (सरई) के जंगलों को बचाना है। अब तक करीब 10 लाख कीड़ों के सिर काटे जा चुके हैं। बदले में ग्रामीणों को 20 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। दरअसल, साल बोरर कीट ने जिले के जंगलों को प्रभावित कर दिया है। हालात इतने गंभीर हैं कि भारत सरकार से अनुमति मिलने के बाद 1 लाख 46 हजार 784 प्रभावित पेड़ों की कटाई की जाएगी। फिलहाल वन विभाग कीड़ों की संख्या कम करने के लिए ग्रामीणों की मदद से विशेष अभियान चला रहा है।

■ वर्ष-12 अंक-254 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 17 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥

**भावार्थ** : प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

## नूतनाः मॉडल निकटभविष्यत्काले विपण्यां प्रक्षेपिताः भविष्यन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतीयग्राहकानाम् आवश्यकतानुसारं अनेकाः नूतनाः मॉडल् निकटभविष्यत्काले विपण्यां प्रक्षेपिताः भविष्यन्ति। कम्पनीयाः अनुसारं नूतनं 9 विद्युत्बसं नगरपरिवहनं, निगमकर्मचारिपरिवहनं, विद्यालयपरिवहनं च इत्यादीनां विविधानां आवश्यकतानां पूर्तये विकसिता अस्ति अत्र बहुविधबैटरीविकल्पाः, द्रुतचार्जिंगक्षमता, सुरक्षायै अग्निपरिचयः, दमनप्रणाली च इत्यादिभिः आधुनिकविशेषताभिः सुसज्जितम् अस्ति। कम्पनी दावान् करोति यत् एतत् नूतनं मञ्चं बेडासञ्चालकानां परिचालनदक्षतां तत्सह स्वामित्वस्य कुलव्ययस्य न्यूनीकरणं करिष्यति।

अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायाति कर्हिचित्॥

**भावार्थ** : अग्नि से सींचे हुए वृक्ष की वृद्धि नहीं होती, जैसे सत्य के बिना धर्म पुष्ट नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### आत्मसम्मानं मानसिकस्वास्थ्यं

विवाहितजीवनं तस्याः विमानयात्रायाः वा सिन...इदं सिनेमाभवनं इव अस्ति! वयं बहु आशां कृत्वा प्रविशामः, परन्तु यदि जीवनं, आत्मसम्मानं, मानसिकस्वास्थ्यं वा दावपेक्षया वर्तते-पुरुषस्य वा स्त्रियाः वा-तर्हि स्पष्टं भवितुमर्हति यत् कश्चन कारागारे नास्ति। गौरवेण (तलाकः) निर्गमनमार्गः अस्ति, तत्करणं न पापम्। सम्बन्धे सर्वे केचन सम्झौताः कुर्वन्ति, परन्तु विषयुक्तः हिंसकः वा सम्बन्धः साधारणविवादेन सह समीकरणं कर्तुं न शक्यते। घरेलुहिंसा के चौंकाने वाले प्रकरण राष्ट्रीय-अपराध-अभिलेख-ब्यूरो-संस्थायाः आँकडानां कृते महिलानां विरुद्धं घरेलुहिंसायाः दहेज-सम्बद्धस्य च उत्पीडनस्य च भयंकरं चित्रं दृश्यते, यत्र प्रतिवर्षं सहस्राणि जनाः स्वप्राणान् गम्यन्ते तथापि मुद्रायाः अन्यः पक्षः अस्ति यस्य उपेक्षा कर्तुं न शक्यते। विवाहितपुरुषेषु आत्महत्यायाः आतङ्कजनकः दरः अपि सांख्यिकीयैः ज्ञायते। पारिवारिकविवादाः, मिथ्याआरोपाणां भयं, सामाजिककलङ्कः, बालकैः विरहस्य पीडा, एकपक्षीयनियमानाम् दुरुपयोगेन उत्पद्यमानः तनावः च अनेकेषां पुरुषाणां कृते एतावत् भग्नाः भवन्ति यत् ते अवसादं पतित्वा अन्ते स्वप्राणान् गृह्णन्ति कठोरसामाजिकमान्यतानां कारणात्-यथा पुरुषाः वेदनां न अनुभवन्ति अथवा बालकाः।

### २७% ओबीसी आरक्षणस्य विषये प्रमुखा उच्चन्यायालयस्य सुनवायी

# सवैधानिकविमर्शः ५०% अधिकं तीव्रः भवति उंस्र याचिकाकर्तारः स्वस्य अवशिष्टं तर्कं प्रस्तुतं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर




अन्यपिछड़ावगाणां (ओबीसी) 27% आरक्षणसम्बद्धस्य उच्चस्तरीयप्रकरणस्य विषये मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयस्य विशेषपीठिकायाः समक्षं नियमितसुनवायानां महत्त्वपूर्णः चरणः आरब्धः। अस्मिन् दीर्घकालीनकानूनीप्रकरणे कार्यवाहीयाः प्रथमदिने कुल आरक्षणं ५०% यावत् सीमितं कृत्वा संवैधानिकसीमायां वादविवादः केन्द्रितः आसीत्। याचिकाकर्तानां पक्षतः विस्तृततर्कं प्रस्तुत्य वरिष्ठाधिवक्ता अमन लेखी (सर्वोच्चन्यायालयः) तर्कयति यत् राज्यसर्वकारस्य २०१९ तमे वर्षे ओबीसी आरक्षणं १४% तः २७% यावत् वर्धयितुं निर्णयः संवैधानिकप्रावधानस्य उल्लङ्घनं करोति यत् कुल आरक्षणं ५०% अधिकं न भवितुम् अर्हति। प्रकरणस्य गम्भीरताम् अवलोक्य विशेषपीठिका गुरुवासरे अपराह्ने २:३० वादनपर्यन्तं सुनवायीम् स्थगितवती, यदा याचिकाकर्तारः स्वस्य अवशिष्टं तर्कं निरन्तरं प्रस्तुतं करिष्यन्ति।

एषः प्रकरणः मध्यप्रदेशसर्वकारस्य २०१९ तमे वर्षे ओबीसी-वर्गस्य आरक्षणकोटां १४% तः २७% यावत् वर्धयितुं निर्णयात् उद्भूतः अस्ति। अस्य निर्णयस्य आव्हानं कुर्वन्तः कुलम् ९१ याचिकाः विभिन्नैः पक्षैः दाखिलाः, एतानि च अधुना उच्चन्यायालयस्य विशेषपीठिकायाः श्रवणं क्रियन्ते। प्रशासनिकन्यायाधीशः आनन्दपाठकः न्यायाधीशः विनयसराफः च समाविष्टा विशेषपीठिका अस्मिन् उच्चस्तरीयप्रकरणे प्रतिदिनं सुनवायीम् आचरति। प्रथमदिवसस्य कार्यवाहीयां वरिष्ठाधिवक्ता अमनलेखी संवैधानिकप्रावधानानाम्, सर्वोच्चन्यायालयस्य महत्त्वपूर्णनिर्णयानां, आरक्षणसम्बद्धानां कानूनीसिद्धान्तानां च उल्लेखं कृतवान् सः तर्कयति स्म यत् २७% ओबीसी आरक्षणस्य कार्यान्वयनेन-यदा अनुसूचितजातीयानां (एससी), अनुसूचितजनजातीनां (एसटी), अन्येषां आरक्षितवगाणां च विद्यमानकोटाभिः सह संयुक्तं भवति-तदा कुल आरक्षणं ५०% संवैधानिकसीमायाः परं धकेलति। सः अवदत् यत् सर्वोच्चन्यायालयेन विभिन्नेषु निर्णयेषु स्पष्टीकृतं यत् सामान्यपरिस्थितौ आरक्षणं ५०% अधिकं न भवितुम् अर्हति तथा च अपवादात्मकपरिस्थितयः अस्मात् सीमातः व्यभिचरितुं आवश्यकाः सन्ति। सुनवायीकाले अधिवक्ता लेखी इत्यनेन उक्तं यत् यद्यपि आरक्षणव्यवस्थायाः उद्देश्यं वास्तवमेव सामाजिकन्यायं सुनिश्चितं भवति तथापि संवैधानिकसीमायाः अन्तः एव कार्यान्वितुं आवश्यकम्। सा न्यायालयेन आग्रहं कृतवती यत् राज्यसर्वकारस्य निर्णयस्य संवैधानिकवैधतायाः परीक्षणं कुर्वन् सर्वोच्चन्यायालयस्य पूर्वनिर्णयानां संविधानस्य मौलिकसिद्धान्तानां च विचारं करोतु। प्रथमदिने विस्तृततर्काः समाप्तुं न शक्यन्ते इति कारणतः विशेषपीठिका परदिने अपि श्रवणं निरन्तरं कर्तुं निश्चयं कृतवती। याचिकाकर्तानां पक्षतः अवशिष्टाः तर्काः गुरुवासरे प्रस्तुताः भविष्यन्ति, तदनन्तरं अन्यपक्षेभ्यः अपि स्वप्रकरणं प्रस्तुतुं अवसरः दीयते। अयं विवादः प्रायः सप्तवर्षेभ्यः न्यायिकविचारस्य अधीनः अस्ति, येन अस्मिन् काले राज्ये अनेकाः प्रमुखाः सर्वकारीयनियुक्तिप्रक्रियाः प्रभाविताः सन्ति। पूर्वं सर्वोच्चन्यायालये एषः विषयः प्राप्तः आसीत्, येन नियमितविचाराय उच्चन्यायालयस्य विशेषपीठिकायां पुनः प्रेषितः। तदनन्तरं प्रकरणस्य विषयवस्तुविषये विस्तृतश्रवणप्रक्रिया आरब्धा अस्ति। अस्मिन् सम्पूर्णे प्रकरणे समये समये उच्चन्यायालयेन निर्गतानाम् अन्तरिम-आदेशानां कारणात् राज्ये अनेकेषु सर्वकारीय-भर्तौ २७% ओबीसी-आरक्षणस्य पूर्णलाभः कार्यान्वितुं न शक्यते स्म अनेकविभागेषु नियुक्तिः अन्तरिमव्यवस्थायाः अन्तर्गतं कृता।

### आधारेषु न्यायालयेन

## आदेशः दत्तः रक्षावकीलः राहुल कास्लीवालः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

न्यायालयेन अपि स्पष्टीकृतं यत् विषये अन्वेषणं सम्पन्नम् अस्ति तथा च पुलिसैः आरोपपत्रं दाखिलम् अस्ति; अतः अभियुक्तं अधिकन्यायिकनिग्रहे स्थापयित्वा अन्वेषणस्य प्रयोजनं न स्यात्। एतेषु आधारेषु न्यायालयेन ७५,००० इत्येव व्यक्तिगतबन्धनं, समानराशिं विलायकजमानतपत्रं च प्रदत्तं कृत्वा निदाखानस्य जमानतरूपेण मुक्तिं कर्तुं आदेशः दत्तः रक्षावकीलः राहुल कास्लीवालः न्यायालयं सूचितवान् यत् तस्य मुवक्किलः निर्दोषः अस्ति, तस्य मिथ्यारूपेण संलग्नता च अभवत्। सः अवदत् यत् निदा खानः उच्चशिक्षिता अस्ति, २०२६ तमस्य वर्षस्य एप्रिलमासपर्यन्तं टीसीएस-संस्थायां सहकारिणीरूपेण कार्यरतः आसीत्, तदनन्तरं तस्याः सेवाः समाप्ताः।

इदानीं अभियोजनपक्षः जमानतयाचनस्य विरोधं कृतवान् यत् अन्वेषणेन यौन-उत्पीडनस्य, कथित-धार्मिक-बाध्यतायाः च विषये पर्याप्तं प्रमाणं प्रकाशितम् इति। लोकाभियोजकः विजय गैकवाडः पीडितायाः प्रतिनिधित्वं कुर्वन्तः वकिलाः च न्यायालयं सूचितवन्तः यत् सहआरोपितः दानिशशेखः पीडितायाः कृते इस्लामिकधार्मिकपुस्तकं बुर्का च प्रदत्तवान्, धार्मिकपरिवर्तनस्य उद्देश्यं च तस्याः प्रभावस्य प्रयासाः कृताः। अभियोजनपक्षस्य मते सम्पूर्णः घटनाक्रमः यौनशोषणं धार्मिकपरिवर्तनस्य प्रयासं च सहितं पूर्वनियोजितयोजना आसीत्।

नासिकपुलिसस्य विशेषानुसन्धानदलः अस्य सम्पूर्णप्रकरणेन सह सम्बद्धानां कुलनवप्रकरणानाम् अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति। एतेषु प्रकरणेषु महिलाकर्मचारिणां शोषणं, बलात् धर्मान्तरणस्य प्रयासः, धार्मिकभावनासु आहतः, उत्पीडनं, मानसिकं उत्पीडनं च इत्यादयः आरोपाः सन्ति प्रश्नास्पदं प्रकरणं भारतीयन्यायसंहितायां विविधखण्डानां अन्तर्गतं देवलालीशिबिरपुलिसस्थाने पञ्जीकृतम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए ईमानदारी की आवश्यकता है। भावनाओं के प्रति सचेत रहें और दिनचर्या में संतुलन बनाए रखें।

**वृषभ** : दूसरों के साथ संबंध बनाने पर फोकस करें। व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केन्द्रित करें।

**मिथुन** : खुद पर भरोसा करें और नए मौकों के लिए खुले रहें। बातचीत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**कर्क** : आज धैर्य और आत्मविश्वास के साथ रिश्तों पर भरोसा करें। खुलकर संवाद करें और व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता दें।

**सिंह** : बैलेंस बनाएं और अपने ज्ञान पर भरोसा करें। सही फैसले और सकारात्मक प्रगति के लिए यह एक अच्छा समय है।

**कन्या** : ऑफिस में क्लाइंट के साथ के साथ बातचीत करने में आपका रवैया अहम भूमिका निभाएगा।

**तुला** : आज पर्सनल कनेक्शन को मजबूत करने पर ध्यान दें। शांत दृष्टिकोण चुनौतियों को प्रभावी ढंग से मैनेज करने में मदद करेगा।

**वृश्चिक** : अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में मुद्दों को पॉजिटिव एटीट्यूड के साथ हैंडल करें। पैसों की सिचुएशन अच्छी रहेगी।

**धनु** : फैसले लेते समय खुद पर भरोसा करें और अपनी देखभाल को प्राथमिकता दें। आज व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें।

**मकर** : इमोशनल हेल्थ पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव देता है। अन्डर्स्टैंडिंग से रिलेशन को फायदा हो सकता है।

**कुंभ** : कोई बड़ी वित्तीय समस्या नहीं आएगी। नए अनुभवों के जरिए आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं।

**मीन** : भावनाओं को बिना किसी बाधा के व्यक्त करें। प्रेमी के लिए अधिक समय निकालने से रोमांस और मजबूत होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# 24 जुलाई को मिथुन राशि में मार्गी होंगे बुध देव, जानें सभी राशियों पर क्या रहेगा असर

24 जुलाई को बुध देव मिथुन राशि में मार्गी होंगे, जानें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों पर इसका क्या असर पड़ेगा और कौन से उपाय अपनाएं।

बुद्धि, तर्कशक्ति और वाणी के कारक ग्रह बुध देव 24 जुलाई 2026 की देर रात करीब 3 बजकर 54 मिनट पर मिथुन राशि में मार्गी होने जा रहे हैं। चूंकि मिथुन बुध की अपनी राशि है, इसलिए इस स्थिति में बुध की मौजूदगी व्यक्ति की तीव्र बुद्धि, संचार क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच को मजबूत करने वाली मानी जाती है। सरल भाषा में समझें तो यह ग्रह हमारे सोचने-समझने, सवाल पूछने और जानकारी जुटाने के तरीके को नियंत्रित करता है। जब बुध अपनी ही राशि में अनुकूल स्थिति में होते हैं, तो व्यक्ति शोध, विश्लेषण और गहन सोच-विचार जैसे कार्यों में अपनी मानसिक क्षमताओं का बेहतर इस्तेमाल कर पाता है। हालांकि इस दौरान जिज्ञासा और मानसिक बेचैनी भी बढ़ सकती है। जिन लोगों की कुंडली में बुध मिथुन राशि में विराजमान हैं, उन्हें गणित, अर्थशास्त्र, ज्योतिष, लेखन और सूचना तकनीक जैसे क्षेत्रों में विशेष सफलता मिल सकती है। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।



**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए बुध देव तीसरे और छठे भाव के स्वामी हैं, और अब यह आपके तीसरे भाव में मार्गी होने जा रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुध का तीसरे भाव में मार्गी होना सामान्य रूप से पूरी तरह शुभ नहीं माना जाता। इसके चलते आपको अपने भाई-बहनों के साथ छोटी-मोटी बहस या मतभेद का सामना करना पड़ सकता है और मन में कभी-कभी असुरक्षा या डर जैसी भावना भी घर कर सकती है। इसके अलावा गुरु ग्रह आपके धन भाव के स्वामी हैं और बुध के साथ मिथुन राशि में विराजमान होने से आपको आर्थिक नुकसान की भी आशंका बन सकती है। हालांकि यह स्थितियां हर किसी के लिए इतनी नकारात्मक नहीं रहेंगी। अगर आप परिवार के सदस्यों और भाई-बहनों के साथ विनम्रता व प्रेम से पेश आएंगे, तो निश्चित रूप से इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों की कुंडली में बुध महाराज आपके दूसरे और पांचवें भाव के स्वामी हैं और अब यह आपके दूसरे भाव में मार्गी होने जा रहे हैं। बुध ग्रह का दूसरे भाव में मार्गी होना ज्योतिष में सामान्यतः शुभ माना जाता है। चूंकि बुध अपनी ही राशि में मौजूद होंगे, इसलिए यह आपके पक्ष में अनुकूल परिणाम देने की भरपूर कोशिश करेंगे। इस अवधि में आप अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार गहने, कपड़े और अन्य जरूरी सामान खरीद सकते हैं। इसके साथ ही वाणी से जुड़े क्षेत्रों में भी आपका प्रदर्शन विशेष रूप से निखरेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आपकी बातचीत बेहतर होगी, जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी और आपका बेहतरीन संचार कौशल आसपास के लोगों को भी प्रभावित करेगा।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों की कुंडली में बुध ग्रह पहले और चौथे भाव के स्वामी हैं, और अब यह सीधे आपके लग्न यानी पहले भाव में ही मार्गी हो रहे हैं। बुध अपनी ही राशि मिथुन में विराजमान होंगे और साथ ही गुरु ग्रह का प्रभाव भी इन पर रहेगा। हालांकि सामान्य रूप से बुध का लग्न भाव में मार्गी होना बहुत शुभ नहीं माना जाता, फिर भी यह आपको काफी हद तक सकारात्मक परिणाम देने की कोशिश करेगा। कुंडली के लग्न भाव में बुध की मौजूदगी कभी-कभी व्यक्ति को दूसरों को उकसाने वाला या कठोर वाणी बोलने वाला बना सकती है। इसके अलावा यह आपको धन हानि की स्थिति में भी डाल सकता है, लेकिन समझदारी और सावधानी से काम लेने पर आप अनावश्यक खर्च से बचकर अपनी आर्थिक स्थिति को संतुलित रख पाएंगे। गुरु ग्रह के प्रभाव के चलते आपको इस तरह की किसी बड़ी परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### रूट 99 रन पर नाबाद रहे; विराट-श्रेयस की फिफ्टी काम नहीं आई, सीरीज 1-1 से बराबर

# इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया


ब्रह्मास्त्र ▸▸ कार्डिफ

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में गुरुवार देर रात 234 रन का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने 44.1 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया।

जीत के हीरो जो रूट रहे। वे 99 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज का फैसला 19 जुलाई को लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे वनडे में होगा।

**गिल-रोहित की तेज शुरूआत, विराट-श्रेयस ने पारी संभाली-** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने तेज शुरूआत की। कप्तान शुभमन गिल (31) और रोहित शर्मा (26) ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। गिल के आउट होने के बाद रोहित और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की।

रोहित के आउट होने के बाद ईशान किशन जल्दी लौट गए, लेकिन विराट ने श्रेयस अय्यर के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन जोड़कर टीम को 178/3 तक पहुंचा दिया। विराट ने 66 गेंद में 65 रन और श्रेयस ने 71 गेंद में 66 रन की पारी खेली।



### 55 रन में आखिरी 7 विकेट गिरे

भारत एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ता दिख रहा था, लेकिन विराट के आउट होते ही पारी लड़खड़ा गई। टीम ने सिर्फ 55 रन जोड़कर आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। आखिर में जसप्रीत बुमराह ने 13 गेंद में नाबाद 20 रन बनाकर स्कोर 233 तक पहुंचाया। भारत 44 ओवर में ऑलआउट हो गया। इंग्लैंड से जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन ने 3-3 विकेट लिए। साकिब महमूद ने 2, जबकि सैम करन और विल जैक्स को 1-1 सफलता मिली।

- **रोहित-कोहली ने पूरे किए 8 हजार साझेदारी रन-** रोहित शर्मा और विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 8,021 रन की साझेदारी पूरी करने वाली भारत की तीसरी सबसे सफल जोड़ी बन गई। कार्डिफ में दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। इस सूची में सचिन तेंदुलकर-सौरव गांगुली (12,400 रन) पहले और सचिन तेंदुलकर-राहुल द्रविड़ दूसरे स्थान पर हैं।
- **कोहली का इंग्लैंड के खिलाफ 14वां 50+ स्कोर-** विराट कोहली ने 65 रन की पारी के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ अपना 14वां 50+ स्कोर बनाया। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचर्ड्स की बराबरी कर ली। इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 15 बार 50+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के कुमार संगकारा के नाम है।
- **बुमराह ने पहली गेंद पर डकेट को आउट किया-** जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड की पारी की पहली ही गेंद पर बेन डकेट को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए।
- **रुट ने कोहली को पीछे छोड़ा-** जो रूट ने नाबाद 99 रन की पारी खेली। इसके साथ ही वनडे में रन चेज के दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 91.59 हो गया। कम से कम 2 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाजों में अब उनसे आगे सिर्फ एमएस धोनी (102.71) हैं। विराट कोहली (89.07) तीसरे स्थान पर खिसक गए। रूट वनडे में 99 रन पर नाबाद रहने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी बने।

## सिंधु जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जापान

दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने दूसरे दौर में दुनिया की नंबर-5 खिलाड़ी चीन की हान यू को 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया। इस जीत के साथ सिंधु ने हान यू के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना जापान की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें दूसरे दौर में वॉकओवर मिला।

### चेस वर्ल्ड कपः सबसे बड़े टूर्नामेंट का फॉर्मेट बदला

# प्राइज मनी 22% बढ़ी, खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर 224 हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

दुनिया के सबसे बड़े शतरंज टूर्नामेंट फिडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट अगले साल से पूरी तरह बदल जाएगा। अब शुरूआत से नॉकआउट मैच नहीं होंगे। पहले सभी खिलाड़ी स्विस लीग खेलेंगे। उसके बाद सिर्फ टॉप-16 खिलाड़ी नॉकआउट में पहुंचेंगे। इससे खिलाड़ियों को ज्यादा मैच खेलने का मौका मिलेगा। जानिए क्या हैं अहम बदलाव

अब तक फिडे वर्ल्ड कप पूरी तरह नॉकआउट फॉर्मेट में खेला जाता था। 2027 से इसकी शुरूआत स्विस सिस्टम से होगी। ओपन वर्ग में 224 और महिला वर्ग में 128 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ओपन के खिलाड़ियों को 56-56 के 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। हर खिलाड़ी 9 राउंड खेलेगा। इसके बाद हर ग्रुप के टॉप-4 खिलाड़ी नॉकआउट के राउंड ऑफ-16 में पहुंचेंगे। महिला वर्ग में दो ग्रुप होंगे और हर ग्रुप से 8 खिलाड़ी आगे बढ़ेंगी।

पहले वर्ल्ड कप करीब चार हफ्ते तक चलता था। कई खिलाड़ी पहले ही दो मैच हारकर बाहर हो जाते थे, जबकि कुछ खिलाड़ियों को लगभग एक महीने तक खेलना पड़ता था। फिडे का मानना है कि इतना लंबा टूर्नामेंट खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के लिए मुश्किल हो गया था। नए फॉर्मेट से प्रतियोगिता करीब एक हफ्ते छोटी हो जाएगी और सभी खिलाड़ियों को कम से कम 9 मुकाबले खेलने का मौका मिलेगा।

स्विस चरण में फास्ट क्लासिकल टाइम कंट्रोल रहेगा। हर खिलाड़ी को पूरे मुकाबले के लिए 45 मिनट मिलेंगे और हर चाल पर 30 सेकंड का अतिरिक्त समय मिलेगा। स्विस चरण सिर्फ पांच दिन में पूरा होगा, जिसमें चार दिन डबल राउंड होंगे। इसके बाद राउंड ऑफ-16 से वही पुराना नॉकआउट फॉर्मेट रहेगा, जिसमें दो क्लासिकल गेम होंगे। बराबरी रहने पर रैपिड और ब्लिट्ज टाईब्रेक से विजेता तय होगा। ओपन वर्ग में खिलाड़ियों की संख्या 206 से बढ़ाकर 224 और महिला वर्ग में 107 से बढ़ाकर 128 कर दी गई है। कुल इनामी राशि भी बढ़ाकर करीब 32 करोड़ रुपए कर दी गई है, जो पहले 26 करोड़ रुपए हुआ करती थी।

## खबर एक नजर...

### गिरफ्त में आया कातिलाना हमला करने वाला आरोपी

**उज्जैन।** बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के विद्यानगर में 14 जुलाई को रात 11 बजे संतोष पिता रामसिंह निषाद 38 साल घर लौट रहा था। उसी दौरान विद्यानगर में रहने वाले बलराम पिता मोहनलाल ने पुरानी रंजीश में संतोष का रास्ता रोक कातिलाना हमला कर दिया था। हमलावर ने बाल काटने के उस्तरे से गले पर वार किया था। घटनाक्रम देख आसपास के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे थे, इस दौरान बलराम ने उन्हे भी जान से मारने की धमकी दी थी और भाग निकला था। गंभीर घायल संतोष को उपचार के लिये नागदा जनसेवा अस्पताल भेजा गया था, मामले में घायल के रिश्तेदार पूनम साहनी की शिकायत पर हमलावर के खिलाफ कातिलाना हमले की धारा 109(1), 296 (अ), 351(3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एसआई संजय माथुर, शांतिलाल मौर्य, एएसआई दयाशंकर, प्रधान आरक्षक नरेंद्र, संग्राम, आरक्षक संदीप यादव, नटवर सिंह की टीम बनाई गई और उसके ठिकानों का पता लगाकर दबिश दी गई। 36 घंटे बाद हमलावर बलराम हिरासत में आ गया। उसकी निशानदेही पर उस्तरा और ब्लेड़ बरामद की गई है। आरोपी को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया था, जहां से 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### विद्यार्थियों ने लिया 'नशे से दूरी है जरूरी' का संकल्प

**उज्जैन।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से युवाओं को नशे से बचाने और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरूआत की है। गुरूवार को आईपीएस करणदीप सिंह के मार्गदर्शन में एसआई श्रेया विश्वकर्मा, आईटी सेल और जिला पुलिस की टीम ज्ञान सागर ग्लोबल एकेडमी पहुंची और छात्र-छात्राओं के लिये नशा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना था। विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्तमान समय में युवाओं को कई माध्यमों से नशीले पदार्थों की ओर आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे है, जिनसे सावधान रहना आवश्यक है। शराब, गांजा, स्मैक, ब्राउन शुगर, सिंथेटिक ड्रग्स, तंबाकू, गुटखा, ई-सिगरेट से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों उठाना पड़ सकते है। नशे की लत से स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर, पारिवारिक संबंध प्रभावित होता है। इस लिये नशे से दूरी है जरूरी। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं और विद्यालय परिवार द्वारा नशे से दूरी है जरूरी का संकल्प लिया और मानव श्रृंखला बनाकर समाज को संदेश दिया कि नशा मुक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण का आधार हैं।

### बुआ से मिले खेत को लेकर युवक से फिर मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम ढाबला वेणी का मूल निवासी लोकेश पिता रामचंद्र जाट बचपन से अपनी बुआ के पास इंगोरिया में रहता है। बुआ ने ग्राम ढाबला वेणी में उसके नाम खेत कर रखा है। खेत पर लोकेश के 2 भाई दिनेश और दिलीप कब्जा करने चाहता है। 10 जुलाई को लोकेश अपने खेत ढाबाला वेणी पहुंचा था। जहां उसके भाई दिनेश ने खेत में बोई सोयाबीन का नुकसान कर मक्का की खेती कर दी थी। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हुआ था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। 6 दिन बाद गुरूवार को लोकेश फिर से अपने खेत पर फसल की बोवनी करने पहुंचा। तभी उसका दूसरा भाई दिलीप आया और खेत अपना होना बताने लगा। लोकेश ने खेत उसका होने की बात कहीं तो दिलीप ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मामला महिदपुर थाने पहुंचने पर पुलिस ने लोकेश की शिकायत पर दिलीप के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि दोनों भाई लोकेश के खेत पर कब्जा करना चाहते है। जिसके चलते उसे गांव आने पर धमकाया जा रहा है और मारपीट की जा रही है। मामले में थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार का कहना है कि लोकेश के साथ मारपीट करने वाले भाईयों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। उन्हे समझाईश देने का प्रयास भी किया गया है। आगे से उनके द्वारा मारपीट की गई तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### आज सजेगी सावन की महफिल, शिंजिनी कुलकर्णी बिखेरेंगी कथक का जादू

**उज्जैन।** भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को समर्पित सांस्कृतिक संध्या 'आगमन सावन



का आमद सीजन 3' का आयोजन आज शाम 7 बजे कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण देश की सुप्रसिद्ध युवा कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी की मनमोहक प्रस्तुति रहेगी। खुशी राजेश लश्करी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की अनेक विशिष्ट हस्तियां मौजूद रहेंगी। समारोह के दौरान गूंज संस्था द्वारा शुभेक्षा इंफ्राबुल्स के आकाश लश्करी को बेस्ट एंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कला प्रेमियों के लिए कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 680-4 | 258-5 |
| मेन बाजार | 115-7 | 138-2 |
| मिलन डे | 137-1 | 227-1 |
| मिलन नाइट | 490-3 | 157-3 |

4 5 8

---

24 घंटे बाद हिरासत में आये, वारदात में शामिल 2 नाबालिग

# चोरी की गाड़ी पर लूटपाट करने निकले थे बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्कूटी पर सवार 3 बदमाशों ने मंगलवार रात नीलगंगा क्षेत्र में कुछ घंटे के दरिम्यान 2 लूट की वारदात और एक स्नेचिंग का प्रयास किया था। पुलिस ने 24 घंटे में तीनों को हिरासत में ले लिया। एक बदमाश भोपाल के बैरागढ़ का रहने वाला है। उसके 2 नाबालिग साथी उज्जैन में रहते है। तीनों चोरी की स्कूटी से वारदात करने निकले थे।

नीलगंगा थाना पुलिस को बुधवार सुबह सुभाषनगर स्थित ओम रेसीडेंसी में रहने वाले तुषार पिता मुकेश किशनानी ने शिकायत दर्ज



कराई थी कि फाजलपुरा में इलेक्ट्रॉनिक बाइक की दुकान संचालित करता है। मंगलवार रात 10.30 बजे वह अपने छोटे भाई कृष्णा और मां भावना किशनानी के साथ रेसीडेंसी के सामने गार्डन के पास टहल रहा था। उसी दौरान स्कूटी पर सवार 3 बदमाश आये और हाथ पर झपटा मारकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। मोबाइल जमीन पर गिर गया। तीनों बदमाशों ने चाकू निकाल लिया और भाई कान्हा के गले से सोने की चेन, हाथ की घड़ी लूटकर भाग निकले। वारदात के बाद पता चला कि बदमाशों ने शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी के गले से चेन स्नेचिंग और अलखधाम नगर में शुभम सेन से मोबाइल छीना है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि तुषार किशनानी की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया और बदमाशों की तलाश शुरू की गई। तीनों वारदात स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये जिसके आधार पर बदमाशों का सुराग मिलने पर 24 घंटे में तीनों को हिरासत में लिया गया है। एक बदमाश भोपाल के बैरागढ़ में रहने वाला कुणाल पिता हेमंत कटारिया है। उसके 2 साथी बागपुरा और सुभाषनगर के नाबालिग है। तीनों की निशानदेही पर एक तोला से अधिक वजनी चेन, 24 हजार रुपए कीमत की घड़ी और 32 हजार कीमत का मोबाइल बरामद कर लिया गया है। फिलहाल तीनों से पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**वारदात में प्रयुक्त गाड़ी चोरी की**

थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाशों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी (दो पहिया स्कूटी) जप्त की गई है। जो एक माह पहले चोरी होना सामने आई है। स्कूटी कहां से चोरी की गई थी, इसका पता लगाया जा रहा है। तीनों चोरी की स्कूटी से वारदात कर भागे थे। जानकारी यह भी सामने आई है कि कुणाल अपने रिश्तेदार के यहां उज्जैन में रहता है। पूर्व में भी वारदात कर चुके है। पूछताछ में कुछ और वारदात की जानकारी सामने आ सकती है।

## क्षिप्रा में डूबा मान के कार्यक्रम में आया युवक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मान के कार्यक्रम में आया युवक गुरूवार शाम क्षिप्रा नदी में डूब गया, उसकी तलाश में एनडीआरएफ और क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू की। करीब एक घंटे बाद युवक को बाहर निकाल लिया गया। उसकी मौत हो चुकी थी।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि शाम 4.30 बजे के लगभग भूखी माता मंदिर के पास क्षिप्रा में एक युवक के डूबने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों के साथ एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। करीब 1 घंटे तक चली सर्चिंग के बाद डूबे युवक को बाहर निकाल लिया गया। उसका नाम अगंद पिता जितेन्द्र सिसौदिया 21 साल निवासी बीएनपी देवास सामने आया। युवक भूखी माता मंदिर स्थित मान के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। इस दौरान वह नहाने के लिये क्षिप्रा में उतर गया था।

## रस्सी के फंदे पर घर में लटका मिला अधेड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सीरोड पर जूनी ताजपुर में गुरूवार शाम घर में रस्सी के फंदे पर लटका अधेड़ का शव मिला। सूचना पर पंवासा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के बयान और जांच के बाद फांसी लगाने की वजह सामने आ पायेगी।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि जूनी ताजपुर में रहने वाले राजाराम पिता कालूराम सोलंकी 52 साल द्वारा घर में फांसी लगाई गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राजाराम अपनी मां के साथ रहत था, उसकी पत्नी और बच्चे काफी समय पहले छोड़कर जा चुके है। राजाराम शराब पीने का आदी था। मामले में मर्ग कायम किया गया है, शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

केबल चुराकर भाग रहे थे 3 बदमाशों को गांव वालों ने घेरा

# गिरने पर घायल हुये 2 बदमाश पकड़ाये, एक मौके से भाग निकला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। खेतों से केबल चुराकर भाग रहे बाइक सवार 3 बदमाशों को गुरूवार तड़के गांव वालों ने घेर लिया। बाइक से गिरने पर 2 बदमाश घायल हो गये, उनका साथी बचकर भाग निकला। घायल बदमाशों का पुलिस अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है।

बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि तड़के 4 बजे के लगभग काजीखेड़ी के चौकीदार ने सूचना देकर बताया कि गांव वालों ने खेतों से केबल चोरी कर बाइक सवार 3 बदमाशों को घेर लिया था। एक बदमाश भाग निकला है, 2 बाइक से गिरने पर घायल हुये है। जिन्हे चोंट लगी है। चौकीदार की सूचना पर डायल 112 काजीखेड़ा पहुंची और घायल बदमाशों को हिरासत में लिया। उनके पास से बाइक के साथ 4 से 5 खेतों से काटी गई





केबल बरामद की गई। दोनों के घायल होने पर उन्हे उपचार के लिये अभिरक्षा में चरक अस्पताल उज्जैन पहुंचाया गया। एक बदमाश को ज्यादा चोंट लगी थी। बाइक से भागते समय गिरने पर उसकी पीट पर खेत में लगे पाइप से चोंट आई है। दोनों के फरार साथी की तलाश में सर्चिंग की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी के अनुसार हिरासत में आये बदमाशों के नाम भागीरथ पिता हिन्दूसिंह निवासी राऊ इंदौर और विनोद पिता रामचंद्र निवासी चंदननगर इंदौर है। दोनों के खिलाफ चौकीदार की सूचना पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा और फरार साथी के संबंध में पूछताछ कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें। केबल चोरी मामले में पकड़े गये बदमाशों के घायल होने पर खबर फैल गई थी कि गांव वालों ने हथियार-डंडे से मारपीट की है, लेकिन गांव के चौकीदार ने पुलिस को बताया कि मारपीट की खबर सही नहीं है। भागने के दौरान गिरने पर घायल हुये है। पकड़ने के दौरान गांव वालों और बदमाशों में हाथपाई जरूर हुई थी।

# जगन्नाथ यात्रा में संदिग्धों को पकड़ने वाली टीमों को इनाम

कुछ श्रद्धालुओं ने दर्ज कराई मोबाइल चोरी की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में गुरूवार को श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होने की खबर मिलते ही पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। 24 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिसके चलते बड़ी वारदात नहीं हो पाई। हिरासत में लिये गये संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। वहीं संदिग्धों को हिरासत में लेने वाली टीमों को पुलिस अधीक्षक ने इनाम दिया।

धार्मिक नगरी में भगवान जगन्नाथ की यात्रा का आयोजन इस्कॉन मंदिर और खाती समाज द्वारा किया गया था। रथयात्रा की शुरूआत आगररोड से हुई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। रथयात्रा का मार्ग आगररोड से देवासरोड का था। यात्रा की शुरूआत होते ही आगररोड पर 2 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होने की खबर सामने आई। चिमनगंज थाना पुलिस की टीम ने तत्काल मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश शुरू की, कुछ देर में पारदी गिरोह के 2 बदमाशों को हिरासत में लिया गया। यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती थी, बावजूद यात्रा में बदमाश शामिल हो गये थे, पुलिस ने वारदातों को रोकने और बदमाशों का पता लगाने के लिये मुस्तैदी दिखाई। यात्रा फ्रीगंज क्षेत्र में पहुंची, यहां भी कुछ श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी के मामले माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंचे, लेकिन यात्रा में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट थी और वारदात करने वालों की तलाश कर रही थी। इस दौरान संदिग्धों की तलाश कर रही पुलिस को एक बदमाश चाकू के साथ यात्रा में शामिल होना मिला। जिसे तत्काल हिरासत में लेकर चाकू जप्त किया गया। पूरे यात्रा मार्ग से पुलिस की टीमों ने करीब 24 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया, जो श्रद्धालुओं के मोबाइल, पर्स, चेन चोरी की फिराक में थे। पुलिस के अलर्ट होने पर बड़ी वारदात नहीं हो पाई।

**पुलिस अधीक्षक ने टीमों को दिया इनाम**

रथयात्रा के दौरान वारदात की फिराक में घूम रहे संदिग्धों को हिरासत में लेने वाली नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल थाना और उनकी टीम की तत्परता, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधक्षक प्रदीप शर्मा ने 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की। पुलिस अधीक्षक ने माधवनगर थाना सीएसपी दीपिका शिंदे और उनकी टीम में शामिल आरक्षक अरुण, अशोक, दीपसिंह केदार पटेल की सतर्कता और उत्कृष्ट कार्यवाही पर उन्हे भी 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की।

# हादसे में बालिका की मौत

पिता और बहन घायल, रात डेढ़ बजे हुई घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग पर चंदूखेड़ी और नलवा के बीच सड़क हादसा हो गया। बाइक पर सवार पिता-पुत्र और 2 बेटियां घायल हो गई। तीनों को रात डेढ़ बजे अस्पताल लाया गया। जहां एक सात वर्षीय बालिका की मौत होना सामने आया। पिता और एक बेटी को उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

चिंतामण गणेश थाना एएसआई ओमप्रकाश मालवीय ने बताया कि रात डेढ़ बजे सड़क हादसा होने की खबर मिली थी, घटनास्थल से 2 बालिका, एक बालक और उनके पिता को घायल हालत में चरक अस्पताल भेजा गया था। जहां एक बालिका की मौत होना सामने आया। पिता और दूसरी बालिका घायल थी, जिन्हे भर्ती किया। बालक को मामूली चोंट लगी थी। बालिका की मौत होने पर रात को पुलिस





अस्पताल पहुंची। घायल से पूछताछ करने पर उसका नाम अनिल काहर निवासी ग्राम अकलदा अम्मखदा धार सामने आया। उसने बताया कि जिस बालिका का निधन हुआ है वह रोशनी 7 वर्ष है। दूसरी बालिका हिमांनी 8 साल और पुत्र मुरली 10 साल है। अनिल का कहना था कि वह तीनों बच्चों को बाइक से उज्जैन लेकर आ रहा था। अंधेरे में घटना कैसे हुई कुछ पता नहीं है। उसकी पत्नी और परिवार के लोग नवाखेड़ा में मजदूरी कर रहे है। बच्चों को गांव से नवाखेड़ा लेकर जा रहा था। एएसआई मालवीय का कहना था कि घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखने पर घटना कैसे हुई इसकी जानकारी सामने आ पायेगी। बालिका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है।

**14 वर्षीय बालक ने भी लगाई फांसी**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कंथारखेड़ी में रहने वाले सुरेश भोई के 14 वर्षीय पुत्र प्रीतम ने बुधवार रात घर में फांसी लगा ली थी। परिजन उसे चरक अस्पताल लाये थे। गुरूवार सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पता चला कि प्रीतम कक्षा 8 वीं तक पढ़ा था। कुछ दिनों पहले वह घर लापता हो गया था, भोपाल ट्रेन से दस्तयाब किया गया था। परिजनों का कहना था कि उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हिरासत में 2 आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ

# पिकअप में रखी मिली कच्ची शराब से भरी केन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात के अंधेरे में बिना नम्बर की पिकअप से अवैध शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी की। पिकअप को रोकने पर उसमें कच्ची शराब से भरी केन मिली। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

महिद्पुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात खबर मिली थी कि बिना नम्बर की पिकअप में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। सूचना पर रसूलपुरा फंटा पर नाकाबंदी की गई। बिना नम्बर की पिकअप आने पर रोका गया, उसमें 2 व्यक्ति सवार थे, दोनों को हिरासत में लिया गया और पिकअप की तलाशी ली गई। उसमें 30 लीटर कच्ची शराब से भरी केन बरामद हो



गई। दोनों को थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की गई। उनके नाम सुरेश गायरी निवासी खासपुरा आलोट और धीरब कंजर निवासी अरनिया डेरा सामने आये। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज कर 5 लाख कीमत की पिकअप जप्त की गई। दोनों को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। दोनों से अवैध शराब के स्त्रोत और अवैध कारोबार में शामिल साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पिकअप को पकड़ने में एसआई सुखसेन अरियाम, अन्नपूर्णा कठेरिया, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह, आरक्षक चंद्रभान, लेखराज और थाना टीम का सहयोग रहा। एक आरोपी कंजर समुदाय का है, संभावना है कि रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान कुछ ओर वारदातों का सुराग भी मिल सकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com